राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in



# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14
अंक : 190
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
गुरुवार 05 जून 2025
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236

मुख्य अपडेट
पेज 3 नोएडा में 150 लोगों से ठगी करने वाला गिरफ्तार
पेज 4 अमेठी में दलित युवक की गला रेतकर हत्या
पेज 6 जीत के बाद भावुक होकर विराट बोले, मेरा दिल और आत्मा

## संक्षिप्त खबरें

### पंजाब का एक और यूट्यूबर जासूसी के आरोप में गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में यूट्यूबर जसबीर सिंह को गिरफ्तार किया है। जसबीर सिंह रूपनगर के महलां गांव का रहने वाला है और उसके यूट्यूब चैनल जान महल पर 10 लाख से ज्यादा सब्सक्राइबर्स हैं। वह 3 बार पाकिस्तान जा चुका है। पुलिस की जांच में सामने आया है कि वह आईएसआई एजेंट शाकिर उर्फ जट्ट रंधावा के संपर्क में था। साथ ही हरियाणा से गिरफ्तार यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा और पाकिस्तानी उच्चायोग से निष्कासित अधिकारी एहसान-उर-रहीम उर्फ दानिश से भी कॉन्टैक्ट में था।

### संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से 12 अगस्त तक

**नई दिल्ली।** संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से शुरू होगा। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बुधवार को नई दिल्ली में इसकी जानकारी दी। रिजिजू ने बताया कि यह सत्र 21 जुलाई से 12 अगस्त तक चलेगा। किरेन रिजिजू ने कहा- सरकार नियमों के तहत सत्र में किसी भी विषय पर चर्चा को तैयार हैं। साथ ही बताया कि सत्र के दौरान जस्टिस वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पेश हो सकता है। सरकार ने मानसूत्र सत्र का ऐलान विपक्ष के स्पेशल सेशन की मांग के बीच की है। विपक्ष पहलगाम हमला, ऑपरेशन सिंदूर और भारत-पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और सीडीएस अनिल चौहान के भारतीय जेट गिरने पर सिंगापुर में दिए बयान पर चर्चा की मांग कर रहा है।

# आरसीबी की जीत के जश्न में भगदड़, 11 मौतें

## कर्नाटक सीएम सिद्धारमैया बोले- स्टेडियम के बाहर 3 लाख लोग पहुंचे

बेंगलुरु में बुधवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की विक्ट्री परेड में भगदड़ मच गई। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा कि भगदड़ के दौरान 11 लोग मारे गए हैं। 33 लोग घायल हुए हैं, जो खतरे से बाहर हैं।

सिद्धारमैया ने कहा, विधानसभा में जब आरसीबी टीम पहुंची तो विधानसभा के बाहर एक लाख लोग जमा थे। जश्न विधानसभा में हो रहा था, लेकिन भगदड़ चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर हुई।

स्टेडियम के बाहर 3 लाख लोग जमा थे। हमें इतनी भीड़ की उम्मीद नहीं थी। किसी ने इसकी उम्मीद नहीं की थी। हम इसके लिए तैयार नहीं थे। हादसे ने जीत की खुशी को मिटा दिया।



### विधानसभा में सम्मान, स्टेडियम के बाहर भगदड़

आरसीबी की टीम जब एयरपोर्ट पहुंची तब वहां हजारों आरसीबी फैंस मौजूद थे। आरसीबी की टीम का विधानसभा में कर्नाटक सरकार ने सम्मान किया। एक प्रोग्राम चिन्नास्वामी स्टेडियम में भी था। स्टेडियम के बाहर लाखों की भीड़ जमा हो गई थी। भीड़ को संभालने के लिए पुलिस हल्का लाठीचार्ज भी करना पड़ा। भीड़ के चलते एक बच्चा बेहोश भी हो गया था।

### सीएम बोले- भीड़ ने स्टेडियम का गेट तोड़ा

सिद्धारमैया ने कहा कि सरकार की जिम्मेदारी सुरक्षा मुहैया करानी थी। इसके बाद क्रिकेट एसोसिएशन को संभालना चाहिए था।

स्टेडियम में एक छोटा गेट था। वहां बहुत सारे लोग जमा थे। उन्होंने दरवाजा तोड़ दिया, जिसकी वजह से भगदड़ मची।सीएम ने मृतकों के परिजनों को 10 लाख रुपए की मदद देने का ऐलान किया।

प्रधानमंत्री मोदी ने बेंगलुरु भगदड़ पर दुख जाहिर किया है। उन्होंने कहा कि हादसे में मारे गए लोगों के परिजनों के साथ मेरी संवेदनाएं हैं। घायलों की बेहतरी के लिए प्रार्थना करता हूं।



बेंगलुरु की सड़कों पर आरसीबी फैंस हजारों की संख्या में जुटे थे।



विधानसभा के एक गेट की तस्वीर, जहां महिलाएं-बच्चे घंटों खड़े रहे।

# मिजोरम में 11 दिन में 626 लैंडस्लाइड, 5 मौतें

## असम-मणिपुर में बाढ़ से 8 लाख लोग प्रभावित

**नई दिल्ली/भोपाल/इम्फाल।** मानसून की तेज बारिश के बाद मणिपुर में आई बाढ़ से 1.64 लाख लोग प्रभावित हैं। राज्य में 35 हजार से ज्यादा घरों को नुकसान पहुंचा है। करीब 4 हजार लोगों का रेस्क्यू किया गया है। बीते 4 दिन में 100 से ज्यादा लैंडस्लाइड की घटनाएं हुई हैं। नगालैंड को मणिपुर से जोड़ने वाला ह॥-2 का 50 मीटर का हिस्सा धंस गया है।

इधर, मिजोरम सरकार ने टूरिस्ट्स के लिए एडवाइजरी जारी की है। इसमें कहा गया है कि राज्य में 24 मई से तेज बारिश जारी है। ऐसे में 13 जून तक यहां आने से बचें। 24 मई से 3 जून तक 11 दिनों में राज्य में 626 लैंडस्लाइड की घटनाएं हुई हैं। इसमें 5 लोगों की मौत हो गई है।



असम में मंगलवार को बाढ़ से 6 और लोगों की मौत हो गई। यहां लैंडस्लाइड-बाढ़ में मरने वालों आंकड़ा 17 पहुंच गया है। राज्य के 21 जिले के 6.5 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हैं। 7 नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। हैलाकांडी में कटाखाल नदी का जलस्तर सबसे ज्यादा है।

मुंबई में आज सुबह हल्की बारिश हुई। मौसम विभाग ने कल के लिए चेतावनी जारी की है। इसके मुताबिक मुंबई के कुछ इलाकों में कल गरज के साथ बिजली चमकने, बारिश और 30-40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है।

मध्य प्रदेश और बिहार में भी आंधी-बारिश का दौर जारी है। आज दोनों राज्यों में 60 किमी की रफ्तार से आंधी चलने का अलर्ट है। एमपी के 17 और बिहार के 29 जिलों में बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग ने राजस्थान के 29 जिलों में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है।

# वैन पर पलटा सीमेंट से भरा ट्रॉला, 9 की मौत

## एमपी के झाबुआ में शादी समारोह से लौट रहे थे दो परिवार, मृतकों में 4 बच्चे

**आलीराजपुर/झाबुआ।** मध्यप्रदेश के झाबुआ में मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात सीमेंट से भरा ट्रॉला ओमनी वैन पर पलट गया। वैन सवार 9 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। 5 साल के बच्चे समेत दो गंभीर घायल हैं। हादसा भावपुरा गांव के पास कल्याणपुरा में हुआ। इनमें 4 बच्चे, 3 महिलाएं और 2 पुरुष शामिल हैं। ट्रॉला चालक मौके से फरार हो गया है।



मृतकों में मुकेश खपेड़ (40), उनकी पत्नी सावली (35), बेटा विनोद (16), बेटी पायल (12), मढ़ी बमनिया (38), विजय बामनीय (14), कांता बमनिया (14), रागिनी बमनिया (9) और अकली परमार (35) शामिल हैं। हादसे में पायल परमार (19) और 5 वर्षीय आशु बमनिया घायल हुए हैं, जिन्हें अस्पताल रेफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार, वैन में सवार सभी लोग मेघनगर तहसील के शिवगढ़ महुड़ा के रहने वाले थे। थांदला और मेघनगर पुलिस टीम एम्बुलेंस के साथ मौके पर पहुंची। घायलों और मृतकों को थांदला सिविल अस्पताल और मेघनगर अस्पताल ले जाया गया।

झाबुआ के एसपी पदम विलोचन शुक्ला ने बताया, मेघनगर के पास सीमेंट से भरा ट्रॉला पलटकर ओमनी वैन पर गिर गया।

हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई, दो घायल हैं। घटना मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात देर रात करीब 3 बजे की है।

### पटना में लैंडिंग से पहले फ्लाइट में बम की सूचना

**पटना।** पटना में इंडिगो की फ्लाइट में बुधवार को बम की सूचना के बाद हड़कंप मच गया। अहमदाबाद से पटना आ रही इंडिगो की फ्लाइट संख्या 6ई 921 में बम की सूचना मिली। फ्लाइट की पटना एयरपोर्ट पर लैंडिंग से 8 मिनट पहले इंडिगो के स्टेशन मैनेजर को वॉट्सऐप पर विमान में बम होने का मैसेज मिला। इसके बाद एयर ट्रैफिक कंट्रोल को इसकी सूचना दी गई। विमान के लैंड करने के बाद फ्लाइट और पटना एयरपोर्ट के नए टर्मिनल की चेकिंग की गई। बम निरोधक दस्ते और डॉग स्क्वायड की टीम को बुलाया गया।

# कोरोना का नया वैरिएंट 27 राज्यों में फैला

### 4302 एक्टिव केस, 44 मौतें; केरल के अस्पतालों में मॉक ड्रिल होगी, हिमाचल में मास्क जरूरी

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। मंगलवार को ही 300 नए केस मिले। सबसे ज्यादा गुजरात में 108 और महाराष्ट्र में 86 मामले सामने आए। इस तरह देश में एक्टिव केसों की संख्या 4302 पहुंच गई है।

कोरोना 27 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से फैल चुका है। हालांकि 9 राज्यों में अब तक एक भी मामला नहीं है। सबसे ज्यादा 1373 एक्टिव केस केरल में हैं। वहीं महाराष्ट्र 510 केसों के साथ दूसरे नंबर है।

कोरोना के नए वैरिएंट्स से देश में जनवरी से अब तक 44 मौतें हो चुकी हैं। इनमें से 37 मरीजों की मौत बीते 5 दिन में हुई है। महाराष्ट्र में मंगलवार को 4 मरीजों ने जान गई है। राज्य में मरने वाला की संख्या 14 पहुंच गई है। इसके अलावा बीते दिन दिल्ली, गुजरात और तमिलनाडु में भी 1-1 मौत हुई है।

हिमाचल प्रदेश में मंगलवार को कोरोना का पहला मामला सामने आया। इसके बाद राज्य सरकार ने देर रात एडवाइजरी जारी कर सभी



हॉस्पिटल में मास्क पहनना अनिवार्य कर दिया है। वहीं केरल सरकार ने नई गाइडलाइन के तहत सभी सरकारी और प्राइवेट हॉस्पिटल को मॉक ड्रिल कराने का आदेश दिया है।

### केरल में सर्दी-जुकाम और बुखार होने पर कोविड टेस्ट अनिवार्य

देश में कोरोना के सबसे ज्यादा एक्टिव केस केरल राज्य में हैं। इसी को देखते हुए राज्य सरकार ने बुधवार को हॉस्पिटल और हेल्थ वर्कर्स के लिए गाइडलाइंस जारी की है। इसके तहत राज्य के सभी हॉस्पिटल्स में मॉक ड्रिल होगी। इस दौरान कोरोना से बचाव के तरीकों को बताया जाएगा।

साथ ही सर्दी, जुकाम, खांसी और बुखार जैसे लक्षण वाले मरीजों का कोविड टेस्ट अनिवार्य कर दिया गया है। हॉस्पिटल में मास्क लगाने के बाद ही एंट्री मिलेगी।



## हैप्पी मॉर्निंग

शादी की 10वीं सालगिरह पर पत्नी पति से बोली- सुनिए जी, अगर मुझे कोई भगाकर ले जाए तो आप क्या करेंगे?
पति : हट पगली, कैसे सवाल पूछती है?
पत्नी : बताओ ना
पति : मैं बोलूंगा भाई भगा के क्यों ले जा रहे हो, आराम से ले जाओ, मैं रोक थोड़ी रहा हूं।



## शायरी

जातिवाद के नफरत में खुद को जलाओ मत,
जिंदगी में मौका अगर मिला है तो उसे गँवाओं मत।

## अर्थसार



सेंसेक्स:
80,998.25
+260.74 (0.32%)
निफ्टी:
24,620.20
+77.70

## मौसम



अधिकतम : 32 डिग्री से0
न्यूनतम : 24 डिग्री से0
सूयोदय शुक्रवार : 5 : 26
सूर्यास्त गुरुवार : 7 : 22

## पत्रकारों की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई

# मध्य प्रदेश सरकार को नोटिस जारी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को दो पत्रकारों की याचिका पर मध्य प्रदेश सरकार से जवाब मांगा है। याचिकाकर्ताओं का आरोप है कि अवैध रेत खनन गतिविधियों पर रिपोर्टिंग करने पर पुलिस ने उनकी पिटाई की थी।

हालांकि, जस्टिस संजय करोल और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने उन्हें गिरफ्तारी से अंतरिम संरक्षण देने से इन्कार कर दिया है।

पीठ ने शशिकांत गोयल और अमरकांत सिंह चौहान की याचिकाओं



पर सुनवाई करने पर सहमति जताते हुए मध्य प्रदेश और दिल्ली को उनके जवाब के लिए नोटिस जारी किए तथा मामले की अगली सुनवाई नौ जून को तय की।

याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वकील ने अंतरिम संरक्षण की मांग की लेकिन कोर्ट ने कहा कि दूसरे पक्ष को जवाब देने दें। राज्य को भी तथ्य पेश करने दें।

इस दौरान शीर्ष न्यायालय ने पूछा कि याचिकाकर्ताओं ने भिंड के पुलिस अधीक्षक को याचिका में पक्ष क्यों नहीं बनाया।

पीठ ने कहा कि किसी आईपीएस अधिकारी को पक्ष बनाए बिना उसके खिलाफ हर तरह की बातें कहना बहुत आसान है।

# अब रेपो दर में कमी होने पर ग्राहकों को होगा ज्यादा फायदा

**नई दिल्ली।** मौद्रिक नीति समीक्षा समिति (एमपीसी) की बैठक बुधवार को मुंबई में आरबीआइ के मुख्यालय में शुरू हो गई। आरबीआइ गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता में होने वाली समिति की बैठक में उम्मीद है कि एक बार फिर रेपो रेट घटाने का फैसला होगा। मल्होत्रा की अध्यक्षता में पूर्व में एमपीसी की दो बैठकें हुई हैं और दोनों बार रेपो रेट में 25-25 आधार अंकों (0.25 फीसद) की कटौती का फैसला हुआ और जानकारों का कहना है कि जिस तरह से महंगाई दर नीचे आई है उसे देखते हुए इस बार भी एमपीसी सदस्यों के बीच 25 से 50 आधार अंकों की कटौती को लेकर सहमति बन सकती है। इसकी घोषणा शुक्रवार को गवर्नर करेंगे।

यह भी बताया जा रहा है कि इस बार होने वाली कटौती का ज्यादा तेजी से फायदा बैंक आम जनता को देंगे। पिछली दो बार की बैठकों में रेपो रेट में कुल 0.50 फीसद की कटौती की गई है लेकिन आरबीआइ के आंकड़ें बताते हैं कि बैंकों ने कर्ज की दरों में औसतन सिर्फ 17 आधार अंकों (0.17 फीसद) की कटौती ही की है।

# गुरुग्राम में 98 करोड़ में छूटी शराब ठेके की नीलामी

## हरियाणा के इतिहास की सबसे महंगी बोली, पिछले साल से डबल रेट

**गुरुग्राम।** हरियाणा में गुरुग्राम का सबसे पॉश एरिया कहलाने वाले गोल्फ कोर्स रोड पर शराब का एक ठेका 98 करोड़ 60 लाख रुपए में नीलाम हुआ। एक्साइज महकमे के अनुसार, हरियाणा के 59 साल के इतिहास की यह सबसे महंगी बोली है। इस ठेके के लिए इतनी महंगी बोली जी-टाउन वाइन्स कंपनी ने लगाई। गोल्फ कोर्स रोड के ब्रिस्टल चौक पर बना यह ठेका पिछले साल भी इसी कंपनी के पास था। पिछले साल इसकी




बोली 49 करोड़ रुपए में छूटी थी। इस बार यह सीधे दोगुनी हो गई।

शराब के शानदार ठेकों के लिए मशहूर गुरुग्राम में दूसरी महंगी बोली डीएलएफ-3 के ठेके की छूटी। इसके लिए 63 करोड़ रुपए लगाए गए। यह रकम ठेके की रिजर्व प्राइस से 3 करोड़ रुपए ज्यादा रही। इसके अलावा गुरुग्राम के ही शंकर चौक का ठेका 62 करोड़ और हॉराइजन प्लाजा का ठेका 46.2 करोड़ रुपए में नीलाम हुआ।

## जातीय जनगणना

### पहले फेज में हिमाचल, लद्दाख, जम्मू-कश्मीर और उत्तराखंड, बाकी राज्यों में 1 मार्च 2027 से होगी

# चार राज्यों में अक्टूबर 2026 से जातीय जनगणना

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार दो फेज में जातीय जनगणना कराएगी। गृह मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि पहले फेज की शुरुआत 1 अक्टूबर 2026 से होगी।

इसमें 4 पहाड़ी राज्य- हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख शामिल हैं।

1 मार्च 2027 से दूसरा फेज शुरू होगा। इसमें देश के बाकी राज्यों में जनगणना शुरू होगी। गृह मंत्रालय ने अपने प्रेस रिलीज में बताया कि जातियों की गणना के साथ-साथ जनसंख्या जनगणना भी कराने का फैसला लिया गया है। इससे जुड़ा नोटिफिकेशन 16 जून 2025 को




आधिकारिक राजपत्र में पब्लिश किया जा सकता है।

केंद्र ने 30 अप्रैल 2025 को जातीय जनगणना कराने का ऐलान किया था। देश में आजादी के बाद यह पहली जातीय जनगणना होगी। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा था कि जातीय जनगणना को मूल जनगणना के साथ ही कराया जाएगा।

कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी दल जाति जनगणना कराने की मांग करते रहे हैं। देश में पिछली जनगणना 2011 में हुई थी।

इसे हर 10 साल में किया जाता है। इस हिसाब से 2021 में अगली जनगणना होनी थी, लेकिन कोविड-19 महामारी के कारण इसे टाल दिया गया था।

### 2011 में सामाजिक-आर्थिक गणना हुई, आंकड़े जारी नहीं

मनमोहन सिंह सरकार के दौरान 2011 में सामाजिक-आर्थिक और जातिगत जनगणना करवाई गई थी। इसे ग्रामीण विकास मंत्रालय, शहरी विकास मंत्रालय और गृह मंत्रालय ने करवाया था। हालांकि इस सर्वेक्षण के आंकड़े कभी भी सार्वजनिक नहीं किए गए। ग्रामीण विकास मंत्रालय की वेबसाइट पर इसके एससी-एसटी हाउसहोल्ड के आंकड़े ही जारी किए गए हैं।

जनगणना एक्ट 1948 में एससी-एसटी की गणना का प्रावधान है। ओबीसी की गणना के लिए इसमें संशोधन करना होगा। इससे ओबीसी की 2,650 जातियों के आंकड़े सामने आएंगे। 2011 की जनगणना के अनुसार, 1,270 एससी, 748 एसटी जातियां हैं। 2011 में एससी आबादी 16.6 प्रतिशत और एसटी 8.6 प्रतिशत थी।

# संपादकीय

## फ्रांसीसी क्रांति से लेकर आज के भारत तक : क्या समय फिर किसी बदलाव को पुकार रहा है?

### इतिहास सिर्फ अतीत का लेखा नहीं, आने वाले तूफानों की चेतावनी भी होता है।



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

1789 की फ्रांसीसी क्रांति जब फूटी, तो वह सिर्फ सत्ता परिवर्तन नहीं, चेतना का विस्फोट था।
शोषण, असमानता और धार्मिक सत्ता के गठजोड़ के खिलाफ उठी जनता की आवाज़ ने दुनिया की राजनीति को हमेशा के लिए बदल दिया।
आज का भारत — आर्थिक विषमता, संस्थागत गिरावट, नैतिक शून्यता और धर्म आधारित ध्रुवीकरण से जूझता — क्या फिर किसी नए युग परिवर्तन के मुहाने पर खड़ा है?

### अतीत की क्रांतियां, आज के सवाल

फ्रांस (1789): 'भूख ही क्रांति की जननी है'
'अगर रोटी नहीं है तो जनता केक खाए,' – यह कथन जन आक्रोश की आग बना।

### आज भारत में :

एलपीजी सिलेंडर 1200+
बेरोजगारी दर 8 प्रतिशत+
5 ट्रिलियन इकॉनमी के सपने, लेकिन बच्चों में कुपोषण सबसे ज़्यादा

### समाधान

सार्वजनिक वितरण प्रणाली में पारदर्शिता
रोज़गार आधारित योजनाएं
शिक्षा व स्वास्थ्य का निजीकरण रोकना

### रूस (1917): 'रोटी, शांति और ज़मीन'

बोल्शेविक क्रांति ने ज़ारशाही को पलट दिया।

### आज भारत में :

श्रम कानूनों का उदारीकरण
किसान आंदोलन को 'आतंक' बताना
न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर चुप्पी

### समाधान

यूनियन अधिकारों की रक्षा
कृषि नीति को किसान-केंद्रित बनाना
ठेके की नौकरी पर नियंत्रण
अमेरिका (1776) : "No Taxation Without Representation"

### आज भारत में

आईटीआई कमजोर
चुनावी बॉन्ड अपारदर्शी
संसद में बहस के बिना विधेयक पास

### समाधान

आईटीआई को मज़बूती
पारदर्शी राजनीतिक फंडिंग
नागरिक समाज को सम्मान

### चीन (1949) : ग्रामीण नेतृत्व की क्रांति

माओ ने भूख व असमानता के खिलाफ सत्ता को जन-क्रांति में बदला।

### आज भारत में

ग्रामीण भारत की उपेक्षा
शहर-केंद्रित नीतियाँ
गाँवों से पलायन

### समाधान

ग्राम स्वराज को पुनर्जीवित करना
स्थानीय उत्पादन व कुटीर उद्योग
पंचायती राज को आर्थिक ताक़त

### ईरान (1979) : धार्मिक सत्ता बनाम जनता की आवाज़

### आज भारत में :

धार्मिक ध्रुवीकरण
घृणा भाषण पर चुप्पी
'सनातन' के नाम पर असहिष्णुता

### समाधान

धर्मनिरपेक्ष शासन का पुनर्निर्माण
घृणा अपराधों पर कठोर दंड
तार्किक शिक्षा और वैज्ञानिक सोच

### निष्कर्ष

हर क्रांति एक साधारण सवाल से शुरू होती है — 'क्यों?'
'क्यों कुछ लोगों के पास सब कुछ है और बाकी के पास कुछ भी नहीं?'
'क्यों सत्ता सवालों से डरती है?'

भारत को आज खून की नहीं, विवेक और साहस की क्रांति चाहिए।
जहाँ सत्ता जवाबदेह हो, नागरिक जागरूक हों और सवाल पूछना अपराध न हो।

### रचनात्मक क्रांति का खाका

समस्या समाधान
आर्थिक विषमता यूनिवर्सल बेसिक इनकम, सामाजिक सुरक्षा
सांप्रदायिक ध्रुवीकरण धर्मनिरपेक्ष शिक्षा, कानूनी सख़्ती
लोकतंत्र का क्षरणमीडिया की स्वतंत्रता, आरटीआई, जनसंवाद
बेरोज़गारी स्टार्टअप, स्किल सेंटर, सरकारी नौकरियाँ
आज ज़रूरत है 'शोर' की नहीं, 'चेतना' की
और चेतना वही है जो इतिहास से सबक ले।

**अब भी समय है – वरना इतिहास फिर खुद को दोहराएगा।**
**सवाल ज़िंदा है। क्रांति की चेतावनी । जनता की आवाज़**

# आतंकवाद के मुकाबिल बदलती अमेरिकी नीतियों के दृष्टिगत अब भारत को बनानी होगी नई रणनीति?

कमलेश पांडे



उल्लेखनीय है कि अफगानिस्तान को आज तालिबानी जेहादी लड़ाके चला रहे हैं और पाकिस्तान में भी मुस्लिम आतंकवादी लड़ाके सेना का अंग बन चुके हैं जिसकी पुष्टि ऑपरेशन सिंदूर के बाद निकले जनाजे से हुई है। ये तो महज बानगी है।

आपको पता होना चाहिए कि दमिश्क/अम्मान से रायटर ने गत 2 जून 2025 दिन सोमवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दूत के हवाले से खुलासा करते हुए कहा है कि संयुक्त राज्य अमेरिका ने सीरिया के नए %आतंकी/जेहादी% नेतृत्व द्वारा हजारों विदेशी जिहादी यानी पूर्व विद्रोही लड़ाकों को राष्टीय सेना में शामिल करने की योजना को अपनी मंजूरी दे दी है, बशर्ते कि यह पारदर्शी तरीके से हो। जैसा कि तीन सीरियाई रक्षा अधिकारियों के हवाले से कहा गया है कि इस योजना के तहत, लगभग 3,500 विदेशी लड़ाके, मुख्य रूप से चीन और पड़ोसी देशों के उइगर, एक नवगठित इकाई, 84वीं सीरियाई सेना डिवीजन में शामिल होंगे, जिसमें सीरियाई भी शामिल होंगे। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या ये लड़ाके अपनी पुरानी मानसिकता से उबर पाएंगे?

उल्लेखनीय है कि अफगानिस्तान को आज तालिबानी जेहादी लड़ाके चला रहे हैं और पाकिस्तान में भी मुस्लिम आतंकवादी लड़ाके सेना का अंग बन चुके हैं जिसकी पुष्टि ऑपरेशन सिंदूर के बाद निकले जनाजे से हुई है। ये तो महज बानगी है। हकीकत यह है कि पूरी दुनिया के शातिर अपराधी कहीं लोकतंत्र के नाम पर, कहीं तानाशाही की आड़ में, कहीं साम्यवाद की छतरी तले और कहीं धर्मांध शासन की छत्रछाया में सेना, पुलिस या अन्य महकमों में घुस चुके हैं और पूंजीवादी टूल्स बनकर लोकतंत्र को कमजोर कर रहे हैं।

स्पष्ट है कि समसामयिक विश्व में आतंकवाद एक अंतरराष्ट्रीय एजेंडा बन चुका है, जो पूंजीपतियों की शह पर लोकतंत्र को कमजोर करते हुए हथियारों व सुरक्षा उपकरणों के सौदागरों को बेहिसाब मुनाफे की गारंटी देता है। चूंकि इनके वैचारिक क्लोन बहुरूपिया बनकर कहीं अंडरवर्ल्ड के माफिया सरगना और उनके खूंखार अपराधियों के तौर पर, कहीं वामपंथी नक्सलियों के वेश में, कहीं जातीय-सांप्रदायिक-भाषाई शहंशाह के रूप में हर जगह अपनी गहरी जड़ें जमा चुके हैं, इसलिए इनका गोरखधंधा जमने में कभी भी देर नहीं लगती।

चूंकि इसे रोकना भारत के लिए बहुत बड़ी चुनौती है। क्योंकि दुनिया का थानेदार अमेरिका कभी सोवियत संघ (अब रूस) व उसके सहयोगियों को कमजोर करते हुए उनसे ही रणनीतिक मुनाफा कमाने के लिए बरास्ता पाकिस्तान-अफगानिस्तान-अरब देश इनको प्रोत्साहन व संरक्षण देता आया है, इसलिए इन आतंकवादियों का भविष्य उज्ज्वल है। वैसे तो रूस, चीन और भारत भी अमेरिकी पैंतरे को कमजोर करने के लिए अरब देशों में अपनी स्थिति मजबूत बनाने में जुटे हुए हैं, लेकिन गिरगिट की तरह रंग बदलती अमेरिकी चालों के समक्ष ये लाचार बन जाते हैं।

वैसे तो चीन ने पाकिस्तान को साधकर अफगानिस्तान में व रूस ने भारत को साधकर ईरान में अमेरिका को कमजोर कर चुके हैं। इसलिए अमेरिका पाकिस्तान पर पुन: मेहरबानी दिखा रहा है। जबकि 9/11 यानी 11 सितंबर 2001 को संयुक्त राज्य अमेरिका पर कुख्यात आतंकवादी संगठन अल-क़ायदा, द्वारा किये गए समन्वित आत्मघाती हमलों की एक श्रंखला से अमेरिका बौखला उठा और आतंकवादियों के खात्मे का निश्चय करके लगभग 24 वर्षों तक उनकी मुखालफत की।

उल्लेखनीय है कि 9/11 को सबेरे, 19 अल कायदा आतंकवादियों ने चार वाणिज्यिक यात्री जेट वायुयानों का अपहरण कर लिया और वर्ल्ड ट्रेड टॉवर को क्षतिग्रस्त कर दिया। यही वजह है कि अमेरिका के खिलाफ अरब देशों में रूस-चीन को एक आधार मिल गया। यही वजह है कि 9/11 के ब्रेक के बाद तेजी से उसके लिए चुनौती बनते जा रहे चीन के खिलाफ अब एक बार फिर से वह अपनी पुरानी आतंकवादियों को मदद देने वाली नीतियों को नया विस्तार देने के मूड में आ चुका है। लिहाजा आतंकवाद के मुकाबिल बदलती अमेरिकी नीतियों के दृष्टिगत अब भारत को नई रणनीति बनानी होगी, अन्यथा आतंकवाद उस पर भारी पड़ जायेगा।

स्वाभाविक सवाल है कि आखिर विगत लगभग अढाई दशकों यानी 24-25 वर्षों तक आतंकवाद का भुक्तभोगी देश अमेरिका फिर से आतंकवादियों को मदद देने और पूंजीवादी अंडरवर्ल्ड से जुड़े सफेदपोश अपराधियों-मादक पदार्थों व हथियारों के तस्करों से उन्हें लामबंद कर उनको एक नया और क्रूर सांप्रदायिक आधार प्रदान करने के लिए क्यों आगे बढ़ रहा है। अंतरराष्ट्रीय मीडिया से मिल रही छनी-छनाई खबरों के मुताबिक, अमेरिका फिर से अल-क़ायदा और इस्लामिक स्टेट जैसे आतंकी संगठनों को तैयार कर रहा है। क्योंकि इस बार उसका निशाना चीन है!

हालांकि, इस बात में कोई दो राय नहीं कि यह पुन: बरास्ता पाकिस्तान दक्षिण एशिया में भी पसरेगा, यानी भारत व भारतीय उपमहाद्वीप के अन्य देशों में भी। चूंकि सीरिया में आतंकियों को सबसे अधिक समर्थन देने वाला देश तुर्की है, जो अब पाकिस्तान का सहयोगी है। उधर, अमेरिका व फ्रांस जैसे देश एक बार फिर से पाकिस्तान/तुर्की व सीरिया से भरोसे का सम्बन्ध विकसित करने लगे हैं, ताकि इनके ऊपर रूसी-चीनी प्रभाव को कम किया जा सके। वहीं सवाल यह भी है कि अब जब सीरिया का आतंकवादी शासन चीन में पैंतरा करेगा, तो क्या भारत में असर नहीं पड़ेगा? क्या तुर्की और खाड़ी देश यह गारंटी देंगे कि ये धर्मभीरु इस्लामिक शैतान भारत में परेशानी पैदा नहीं करेंगे?


वहीं, सबसे सुलगता हुआ सवाल यह है कि क्या भारत व उसके अभिन्न सहयोगी रूस को इस मामले में गंभीर नहीं होना चाहिए? क्या भारत की विदेश नीति केवल भारत के भ्रष्ट, विचारहीन और अभिजात्य (इलीट) लोग ही तय करते रहेंगे? क्योंकि अफ़ग़ानिस्तान में जो अस्सी और नब्बे के दशक में खेल हुआ, उससे हमारा देश भारत आज तक भी नहीं उबरा है। तब से अब तक आधा से अधिक देश बंदूकों के साये में जी रहा है।

आपको यह भी पता होना चाहिए कि जहां आतंकवादी अमेरिकी पूंजीवादी औजार हैं, वहीं नक्सली चीनी पूंजीवादी हथियार। जबकि अंडरवर्ल्ड सरगना लोकल पूंजीवादी टूल्स।

इन सबका एकमात्र मकसद लोकतंत्र यानी संख्या बल की आड़ में पूंजीपतियों के खिलाफ आवाज उठाने वाले नेताओं/उनके भक्त नौकरशाहों के दिलों में भय पैदा करना और अपना कारोबारी हित साधना। इसलिए इनकी मूल प्रवृत्ति को भारतीय दलितों, ओबीसीज, ईडब्ल्यूएस को समझना होगा और अपनी ठोस रणनीति के सहारे इन्हें भारतीय महाद्वीप से दूर रखना होगा, अन्यथा भारत को अशांत रखने, इसे पुन: खंडित करने में दुनियावी पूंजीवादी ताकतें सफल हो सकती हैं।

# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3551




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:

1 2 3 5
1
2
4

1+2+3+4+5+6=21
1+2+3+4+5+7=22
3+5+6+7+8+9=38
4+5+6+7+8+9=39

काकुरो - 3550 का हल



## लॉफिंग ज़ोन

एक पुस्तक व्यापारी कुछ किताबें खरीदने हेतु एक सप्ताह के लिए लखनऊ गया। उसे लखनऊ में ऊँची चीज मिल गई और उसका दिल वहीं रह गया। जब कई दिन फालतू लग गए तो उसने अपनी पत्नी को तार दिया- 'अभी खरीददारी जारी है अगले सप्ताह हम...।'

पत्नी पति को जानती थी। वह तुरंत समझ गई।

उसने वापसी में तार भेजा- तुरंत लौट आओ...! यदि कल शाम तक वापसी नहीं हुई तो वही बेचना शुरू कर दूँगी जो तुम खरीद रहे हो।

□ □ □

रमन के बड़े भैया नरेश पिछले कई महीनों से बहुत परेशान थे। वे रमन से बोले- छोटे! मैं बहुत परेशान हूँ। मेरी बीवी हमेशा अपने पुराने पति का जिक्र करके मुझे ताना देती रहती है।

रमन बोला- भैया! ये तो कुछ भी नहीं है। मेरी बीवी ने तो अभी से मुझे उसके अगले होने वाले पति का ताना देना शुरू कर दिया है।

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 3551



**बायें से दायें:-**

१. 'इश्क कभी करियो' गीत वाली फिल्म-४
४. 'किस कारण नैया डोली' गीतवाली सनी देओल, मीनाक्षी की फिल्म-३
७. मिथुन, रंभा, वैष्णवी की 'कारी कजरारी कंवारी' गीत वाली फिल्म-४
९. 'मैं एक प्यासी' गीत वाली सनी, संजय, धर्मेन्द्र, रवीना, दिव्या की फिल्म-३
११. विनोद खन्ना, शबाना आजमी की अरूणा विकास निर्देशित फिल्म-२
१२. 'जब दिल चुराये कोई' गीत वाली दिनो मोरिया, बिपाशा की फिल्म-३
१४. अनिलकपूर, अक्षय, ऐश्वर्या की 'इस टूटे दिल की पीर' गीत वाली फिल्म-२
१७. 'मैं इश्क उसका' गीत वाली अर्जुन रामपाल, जायेद, अमीषा की फिल्म-२
१९. सलमान खान, शिल्पा की 'फरियाद क्या करें हम' गीत वाली फिल्म-२
२०. 'प्यार काहे बनाया' गीत वाली विनोद खन्ना, भानुप्रिया की फिल्म-२
२१. 'प्रहार' में डिम्पल का नायक कौन-२
२२. जैकी श्रॉफ, मनीषा कोइराला की 'एक बात बताऊं' गीतवाली फिल्म-३
२४. लकी अली, गौरी की एक फिल्म-२
२५. फिल्म 'बड़े दिलवाला' में प्रिया गिल के साथ नायक-३
२६. संजयकपूर, माधुरी की 'तूने अगर प्यार से देखा' गीत वाली फिल्म-२
२८. 'जूली' में प्रियांशु की नायिका-२
२९. जैकी श्रॉफ, डिम्पल कपाड़िया की 'फूल ये कहाँ से' गीत वाली फिल्म-२
३०. 'मेरे चेहरे पे लिखा है' गीत वाली विकास भल्ला, काजोल की फिल्म-३
३२. सनी देओल, अमीषा पटेल की 'घर आजा परदेसी' गीत वाली फिल्म-३
३५. 'राज की बात कह दूं तो' गीत वाली नवीननिश्चल, प्राण, रेखा की फिल्म-२
३६. मिथुन, मधु की तू चीज बड़ी है सख्त सख्त' गीत वाली फिल्म-५

**ऊपर से नीचे:-**

१. संजीवकुमार, विद्या सिन्हा की फिल्म-२
२. 'एक मैं हूं एक तू है' गीत वाली फिल्म-२
३. 'बड़े नाजुक दौर से' गीत वाली अभिषेक, भूमिका चावला की फिल्म-२
४. सनी, शाहरूख खान, जूही चावला फिल्म-२
५. 'तन्हा तन्हा दिल अपना' गीत वाली फिल्म-३
६. तुषार कपूर, अंतरा माली की 'मैं लव तुम से' गीत वाली फिल्म-३
८. 'चूड़े वाली छमिया मिला' गीत वाली सनी देओल, जयाप्रदा की फिल्म-३
१०. फिल्म 'विश्वनाथ' में नायिका कौन थी?-२
१२. मनोजकुमार, नंदा की 'जाने चमन शोला बदन' गीत वाली फिल्म-४
१३. इमरान, शाहबाज, तब्बू की फिल्म-२
१५. परीक्षित साहनी, नूतन की 'एक छोरा है गोरा' गीत वाली फिल्म-३
१६. आफताब, लिसा रे की फिल्म-३
१८. 'बिन साजन झूला झूलू' गीत वाली फिल्म-३
२३. राजेंद्रकुमार, धर्मेन्द्र, मालासिन्हा की 'बोल मेरे साथिया' गीत वाली फिल्म-४
२४. 'जलते हैं जिसके लिये' गीत वाली सुनीलदत्त, नूतन की फिल्म-३
२५. अक्षय, अजय, करिश्मा, नगमा की 'तेरे लिए जानम' गीत वाली फिल्म-३
२७. अक्षय कुमार, करीना, प्रियंका की फिल्म-४
३१. 'कहाँ गये ममता भरेदिन' गीतवाली फिल्म-२
३३. 'बाबूजी जरा धीरे चलो' गीत वाली विवेक ओबेराय, दीया की फिल्म-२
३४. अमिताभ, ओमपुरी, फरदीन, करीना की 'जब नही' गीत वाली फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 3550



## सूडोकु -3551

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु - 3550 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |

## शब्द पहेली - 3551



**बाएँ से दाएँ**

1.आरोपित, तथाकथ्य-5
4.प्रलय, वज्रपात-4
7.परिमाण, माप-2
8.प्लेट,तश्तरी-3
9.भीगा हुआ-2
10.वेश्या, गणिका-4
11.ज्वालामुखी से निकला द्रव पर्दाथ-2
13.अपवित्र (उर्दू-3)
14.दान करने वाला-2
15.आंचल-3
17.पंख-2
19.चाहे जो भी हो -5
22.अनूठापन,विचित्रता-5
25.उम्मीद,आस-2
26.अनाशवान,अक्षय-3
28.सुनील शेट्टी की पहली फिल्म-2
29.बंदर, मर्कट-3
30.सम्मान, आदर-2
32.करामात,करिश्मा-4
34.नवीन,नव-2
36.नसीरुद्दीन और अर्चना पूरणसिंह की फिल्म-3
37.शारीरिक ऊंचाई-2
38.भाग्य,लक-4
39.रावण,दशानन-5

**ऊपर से नीचे**

1.तपस्या-2
2.कॉफी-3
3.तरफदारी करनेवाला-5
4.जन जाति, झुंड-3
5.वोट-2
6.बढ़ई,खाती-4
7.जो मुनासिब न हो-5
10.भाग्य (उर्दू-4)
12.प्रतिज्ञा,वचन-2
16.राजा,राजन-3
17.क्षण-2
18.संपूर्ण,देवी का एक नाम-2
20.रनिवास (उर्दू-3)
21.नुकसान,घाटा-2
22.रजनी, रात्रि-2
23.अनुपम,बेजोड़-4
24.जिसे घर में ही कैद किया गया हो-5
25.आतंक फैलानेवाला-5
26.धरोहर,थाती-4
27.लक्ष्मी-2
31.निगाह,दृष्टि-3
33.बैचेनी,परेशानी,संघर्ष-3
35.लद्दाख में पाया जानेवाला बैल जैसा एक जानवर-2
37.टैक्स, हाथ-2

शब्द पहेली - 3550 का हल



# गौतमबुद्धनगर में एसपीवी का होगा गठन

## 500 बसों का किया जाएगा संचालन, सलाहकार होगा नियुक्त, तीनों प्राधिकरण की तय होगी इक्विटी

**नोएडा।** नोएडा ग्रेटर नोएडा और यमुना क्षेत्र में 500 सिटी ई बस चलेंगी। ये बस नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के अलावा जनपद के 25 रुटों पर चलेंगी। इसमें से 300 बस नोएडा , 100 बस ग्रेटरनोएडा और 100 बस यीडा में चलेंगी। बसों का संचालन के लिए तीनों प्राधिकरण को स्पेशल पर्पज व्हीकल (एसपीवी) का गठन करना है। इसकी जिम्मेदारी नोएडा प्राधिकरण को दी गई है। नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम ने बताया एसपीवी गठन के लिए एक सलाहकार नियुक्त किया जाएगा।

सलाहकार बताएगा कि कंपनी में डायरेक्टर और संचालक मंडल में कौन कौन शामिल होगा। यही एसपीवी ही तीनों प्राधिकरण क्षेत्र में बसों के संचालन को सुनिश्चित करेंगी। साथ ही नोएडा, ग्रेटरनोएडा और यीडा के बीच एसपीवी का गठन 48 त्न ,26त्न और 26त्न के इक्विटी योगदान के साथ होगा या इसमें कमी या बढ़ोतरी की जा सकती है। बता दे हाल ही में लखनऊ में सिटी बस सर्विसिस को लेकर एक बैठक की गई थी। जिसमें एसपीवी और अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर बातचीत की गई थी।



इसी बैठक में नोएडा के जीएम एनटीसी प्राधिकरण ने हिस्सा लिया था। प्राधिकरण सीईओ ने बताया एसपीवी के गठन के बाद इसकी जानकारी शासन को भेजी जाएगी। 12 मीटर स्टैंडर्ड फ्लोर की 250 और 9 मीटर की स्टैंडर्ड फ्लोर की 250 ई बस शामिल है।

### सालाना प्रति बस चलेगी 72 हजार किमी

ये प्रोजेक्ट 675 करोड़ का है। इसमें कंपनी को ई बस , फास्ट चार्जर (240 किलोवॉट), प्लांट , इक्यूपमेंट टूल्स और डिपो मेनटेनेंस के लिए है। आने वाली कंपनी को 12 साल तक बसों का संचालन करना होगा। कंपनी को सालाना प्रति बस 72000 किमी की रनिंग करनी होगी। बताया गया कि इस टेंडर के जरिए ग्रॉस कास्ट कांट्रेक्ट (जीसीसी) मॉडल बस आपरेटर का सिलेक्शन किया जाएगा। दोनों कैटेगरी के बस के लिए आवेदन करने वाली कंपनी को 12मीटर एसी बस के लिए 1.75 करोड़ और 9 मीटर के लिए 1.25 करोड़ ईएमडी जमा करनी होगी।

### 10 मिनट के अंतराल में चलेंगी बस

बस 25 रुटों पर 10 मिनट के अंतराल चलेंगी। बसों का संचालन जीसीसी मोड पर किया जाएगा।

जिसमें 300 बस नोएडा , 100 बस ग्रेटर नोएडा और 100 बस यीडा में संचालित होंगी। जीसीसी मॉडल पर संचालन के दौरान संभावित ऑपरेटिंग कॉस्ट 72 रुपए प्रति किलोमीटर होगी।प्रत्येक बस को रोजाना 200 किमी का भुगतान किया जाना होगा। इसमें 13 रुटों पर नोएडा 9 रुटों ग्रेटर नोएडा और 2 रूट पर यमुना क्षेत्र में बस चलेंगी। इस बसों का संचालन सुबह 6.30 से रात 11 बजे तक किया जाएगा।

### एसपीवी का इक्विटी योगदान

इन बसों का संचालन शुरुआत में सेक्टर-82 और सेक्टर-91 में मौजूद बस टर्मिनल से किया जाएगा। इन बसों के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर का काम नोएडा प्राधिकरण करेगा। एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर के एक साल के अंदर ग्रेटरनोएडा और यीडा भी एक-एक डिपो अपने यहां बनाएगा। यहां संचालित होने वाली सभी बस 12 मीटर और 9 मीटर लंबी होंगी।

# नोएडा में 50 लाख की डिजिटल अरेस्ट में एक गिरफ्तार

**आरोपी के खाते में आए 8 लाख रुपए, मनी लॉन्ड्रिंग का दिखाया था डर**



**नोएडा।** नोएडा साइबर पुलिस ने मनी लॉन्ड्रिंग का डर दिखाकर डिजिटल अरेस्ट कर 50 लाख की ठगी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की गिरफ्तारी लखनऊ से की गई है। इस मामले में पुलिस ने 2 लाख 57 हजार 179 रुपए फ्रीज कराए है। जल्द ही ये पैसा पीड़िता को मिल जाएगा। आरोपी की पहचान जुनैद खान हुई है। ये ठगी में खाता प्रोवाइडर है।

### फर्जी अरेस्ट वारंट भेजा

एडीसीपी साइबर सेल मनीषा सिंह ने बताया कि 26 मई 2025 को पीड़िता ने शिकायत दी कि उसे डिजिटल अरेस्ट करके साइबर ठगों ने 50 लाख रुपए ठग लिए है। महिला को डराने के लिए मनी लॉन्डरिंग का डर दिखाया गया। साथ ही उसे फर्जी अरेस्ट वारंट भेजा गया। जिससे वो डर गई और बैंक में जमा अपनी पूंजी बताए गए खातों में ट्रांसफर कर दी। जब उन्होंने पैसे वापस मांगे जो उनसे लिंक अप तोड़ दिया गया।

पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि उसने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर बंधन बैंक में खाता खुलवाया। इस खाते में भी धोखाधड़ी के 8 लाख रुपए ट्रांसफर किए गए। जिसको उसने अपने साथियों के साथ मिलकर बैंक से निकाल लिया। इसके अन्य साथियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे है।

आरोपी की ओर से खोले गए खाते को एनसीआरपी पोर्टल पर चेक किया गया। जिसमें 4 शिकायत पहले से दर्ज मिली। इसमें उप्र की 2 , महाराष्ट्र की एक और राजस्थान की एक शिकायत शामिल है।

# नोएडा में निवेश में मुनाफा दिखाकर 30 लाख ठगे



**नोएडा।** साइबर अपराधियों ने क्रिप्टो करेंसी में निवेश कर मोटा मुनाफा कमाने का झांसा देकर एक इंजीनियर के साथ 30 लाख रुपए की ठगी कर ली। ठगी का एहसास होने के बाद पीड़ित ने मामले की शिकायत साइबर क्राइम थाने की पुलिस से की। अज्ञात ठगों के खिलाफ पुलिस ने धोखाधड़ी और आईटी ऐक्ट की धारा में केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत में ग्रेटर नोएडा निवासी उपेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि वह सेक्टर-144 स्थित एक कंपनी में सीनियर कंसलटेंट इंजीनियर हैं। वह शेयर मार्केट की कई कंपनियों ने शेयर ट्रेडिंग भी करते हैं। सात दिसंबर 2023 को उन्होंने आदित्य नगेस्ट इन्वेस्टमेंट वॉट्सऐप ग्रुप जॉइन किया। इसमें 200 सदस्य पहले से ही जुड़े हुए थे। ग्रुप की बातचीत को पढ़कर शिकायतकर्ता को एहसास हुआ एडमिन क्रिप्टो करेंसी में निवेश कराता है और इसपर होने वाले मुनाफे की जानकारी रोजाना देता है।

# नोएडा के दो स्ट्रीट बाजार का संचालन करेगी कंपनी

## प्राधिकरण को हर महीने देगी किराया, 17 जून तक 28 कियोस्क का निर्माण होगा पूरा

**नोएडा।** नोएडा में लोगों को चिल्ल करने के लिए दो नए जोन मिलने वाले हैं। यहां पर घूमना- फिरना, खाने- पीने सबकी सुविधा होगी। पहला जीआईपी से बॉटनिकल गार्डन पार्किंग के बीच और दूसरा स्काइमार्क के पास तैयार है। इन स्ट्रीट मार्केट में कियोस्क का आवंटन नोएडा प्राधिकरण नहीं करेगा। बल्कि दोनों बाजार एक कंपनी को दिए जाएंगे। कंपनी का चयन आरएफपी के जरिए किया जाएगा।

कंपनी इन बाजारों में दुकानों को किराए पर देगी। एमओयू के तहत किराए का कुछ हिस्सा कंपनी प्राधिकरण को प्रति महीने देगी। यहां



साफ-सफाई से लेकर बाजार को संचालित करने की पूरी जिम्मेदारी कंपनी की होगी। प्राधिकरण सीईओ लोकेश एम ने बताया कि इन बाजार से जहां लोगों को मनोरंजन का नया केंद्र मिलेगा। वहीं प्राधिकरण को राजस्व मिलेगा। सेक्टर-38ए स्थित जीआईपी मॉल और बॉटनिकल गार्डन मल्टीलेवल पार्किंग के बीच स्ट्रीट मार्केट बन रही है। इस मार्केट में नोएडा प्राधिकरण ने छोटे बड़े 22 कियोस्क बनाए है।

ये कियोस्क और यूटिलिटी की सुविधाएं 3 करोड़ में तैयार की गई। इससे लोग यहां पर क्वालिटी टाइम बिता पाएंगे। दूसरा प्रोजेक्ट स्काईमार्क के पास नोएडा-6 नाम से है। यहां 6 कियोस्क बनाए गए है।

### 100 से ज्यादा वाहनों की पार्किंग

इन कियोस्क में खाने-पीने की दुकानें होंगी। यह इंदौर के 56 मार्केट की तर्ज पर यह ठिकाना बनाया जाएगा। इसके साथ ही यहां पर 100 से ज्यादा वाहनों की सरफेस पार्किंग भी बनाई जाएगी। इससे लोगों को यहां पर वाहन खड़े करने में दिक्कत नहीं होगी। परियोजना की निर्माण लागत करीब 2 करोड़ 23 लाख रुपए है।

इन दोनों स्थानों पर सिविल और यूटिलिटी का सभी कार्य 17 जून तक पूरे करने है। इसके बाद कभी भी इसका शुभारंभ किया जा सकेगा। प्राधिकरण ने बताया कि ये एक प्रकार का फूड इंडस्ट्री को बढ़ावा देने वाले बाजार होंगे।

# नोएडा पुलिस कमिश्नरेट का बड़ा एक्शन

## थाना-24 व चौकी प्रभारी सस्पेंड, मंगलवार को थार से कुचलने का वीडियो हुआ था वायरल

**नोएडा।** नोएडा में युवक के साथ मारपीट और थार से कुचलने के प्रयास में पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने बड़ा एक्शन लिया है। पुलिस कमिश्नर ने घटना को अफसरों से छिपाने के मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना सेक्टर 24 प्रभारी श्याम बाबू शुक्ला व चौकी प्रभारी गिझौड़ जगमोहन सिंह को सस्पेंड कर दिया है। इन दोनों पुलिस कर्मियों पर अपने कर्तव्यों व दायित्वों के प्रति स्वेच्छाचारिता, लापरवाही, अनुशासनहीनता करने का गंभीर आरोप लगा है। थाना सेक्टर 24 पुलिस ने युवक को टक्कर मारने वाली थार गाड़ी को बरामद की है। नोएडा की ट्रैफिक पुलिस ने थार गाड़ी का 68 हजार 500 रुपए का चालान किया है।

पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए 5 टीमों का गठन किया है। ये टीम नोएडा-एनसीआर में आरोपियों की तलाश कर रही है। दरअसल मंगलवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा था।

जिसमें सौरभ और सुमित दोनों भाइयों को कई युवक मार रहे थे। किसी तरह सौरभ उन युवकों से बच कर निकला तो आरोपियों ने उसको थार से कुचलने का प्रयास किया।

जिसमें वो करीब तीन फीट उछलकर नाली में गिरा। पुलिस इस मामले में आकाश, गौरव, कुणाल, अमन और अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए नोएडा -एनसीआर में की छापेमारी कर रही है। वहीं सौरभ का इलाज नोएडा के कैलाश अस्पताल में किया जा रहा है।

# बकरीद पर कुर्बानी को लेकर पुलिस की एडवाइजरी

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली में ईद उल जुहा को लेकर शांति समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसीपी तृतीय अरविंद कुमार और कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने क्षेत्र के प्रमुख नागरिकों से संवाद किया। अधिकारियों ने त्योहार को लेकर विशेष दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने स्पष्ट किया कि खुले स्थानों पर कुर्बानी नहीं की जानी चाहिए। साथ ही कुर्बानी के अवशेषों को खुले में नहीं फेंकने की हिदायत दी गई।

# धरने के दौरान महिला के साथ दुर्व्यवहार करने वाले मुख्य आरोपी को गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा।** थाना दादरी क्षेत्र के अंतर्गत लुहारली टोल प्लाजा पर धरने के दौरान महिला के साथ दुर्व्यवहार करने का वीडियों वायरल हुआ था। जिसका थाना दादरी पुलिस ने संज्ञान लेते हुआ उक्त घटना के संबंध दर्ज कर, मुकदमें में नामित मुख्य अभियुक्त अमित मुखिया पुत्र लेखराज को गिरफ्तार किया गया है। थाना दादरी पुलिस द्वारा अशांति फैलाने वाले अन्य तीन आरोपियों को भी पुलिस हिरासत मे लिया गया है। अभियुक्तों के आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है। मौके से अन्य आरोपियों की फोटो-वीडियो से पहचान कर गिरफ्तारी के प्रयास जारी है।



# नोएडा में एक दिन में आए 30 नए कोरोना मरीज

## एक्टिव केस 138 हुए, दो भर्ती; बाकी का होम आइसोलेशन में इलाज



**नोएडा।** स्वास्थ्य विभाग ने बीते 24 घंटे में कोरोना संक्रमित 30 नए मरीजों की पुष्टि की। इससे पहले एक दिन में 45 मरीज कोरोना के सामने आए थे। इस साल एक दिन में संक्रमितों की यह संख्या सबसे अधिक है। होम आइसोलेशन और अस्पताल से अब तक छह मरीज स्वस्थ हो चुके हैं।

संक्रमित मरीजों में से 130 का इलाज होम आइसोलेशन में किया जा रहा है। दो मरीज निजी अस्पताल में इलाज करवा रहा है। नए मरीजों में तीन परिवार के 10 से अधिक सदस्य संक्रमित हैं। 18 साल से कम उम्र के भी तीन मरीजों में कोरोना संक्रमण मिला।

### 11 दिनों में 138 मरीज

जिले में पिछले 11 दिनों में 138 कोरोना संक्रमित मरीज मिले हैं। इन मरीजों में से 74 मरीज पुरुष और बाकी महिलाएं हैं। मरीजों के संपर्क में आए लोगों की जांच नहीं की गई है। जिला निगरानी अधिकारी टीकम सिंह ने बताया कि अस्पताल में भर्ती मरीज भी गंभीर नहीं है, बल्कि एहतियात के लिए मरीज अस्पताल में इलाज करवा रहा है। होम आइसोलेशन में सभी मरीजों की हालत स्थिर है। कोई भी गंभीर नहीं है। सभी सक्रिय मरीजों पर निगरानी की जा रही है।

### बनाया गया आइसोलेशन वार्ड

कोविड के लिए जिला अस्पताल में 10 और सीएचसी में पांच बेड का आइसोलेशन वार्ड बनाया जाएगा। दूसरी ओर जिला अस्पताल में कोरोना संक्रमण की जांच के लिए नमूने लिए जा रहे हैं। नमूनों की जांच चाइल्ड पीजीआई में हो रही है।

# नोएडा में 150 लोगों से ठगी करने वाला गिरफ्तार

## सैमसंग, ओप्पो, हायर, वीवो, एलजी में नौकरी का देता ऑफर, अपने को बताता था पत्रकार

एजेंसी

**नोएडा।** थाना सेक्टर 63 पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म (यूटयूब) पर फर्जी विज्ञापन जारी कर नामी कंपनियों में नौकरी दिलाने का झांसा देकर 150 से ज्यादा लोगों ठगी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

आरोपी सैमसंग, ओप्पो, हायर, वीवो, एलजी आदि कंपनियों में नौकरी का ऑफर देता है। अपने आप को पत्रकार बताता है। इसके कब्जे से भारी मात्रा में दस्तावेज बरामद किए गए।

आरोपी की पहचान वसीम अहमद उर्फ रविन्द्र शर्मा हुई है। गिरफ्तारी बेहोलपुर गोलचक्कर से की गई। इसने सेक्टर-81 में एक आफिस खोला था।

डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि थाना सेक्टर-63 में योगेन्द्र पुत्र हरिचरन लाल ने शिकायत की थी। पुलिस ने टीम गठित की। मंगलवार रात को टीम बहलोलपुर गोल चक्कर पर चैकिंग कर रही थी।

इसी दौरान मुखबिर से जानकारी मिली कि एक व्यक्ति जो बेरोजगार लोगों से ठगी करता है इधर से जाने वाला है। वो अपनी वैगनआर कार से है।

चेकिंग के दौरान पुलिस ने वैगनआर को रोका। नाम पूछने पर चालक ने अपना नाम वसीम अहमद उर्फ रविन्द्र शर्मा बताया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।





### छह माह पहले खोला था ऑफिस

तथाकथित पत्रकार वसीम ने छह महीने पहले ही सेक्टर 81 नोएडा में अपना ऑफिस खोला था।

वो सोशल मीडिया प्लेटफार्म यूट्यूब पर चैनल नोएडा दिल्ली जॉब पर प्रचार-प्रसार करके बेरोजगार युवाओं का इंटरव्यू लेकर फर्जी ऑफर और अपॉइंटमेंट लेटर देता था।

नामी कंपनियों में नौकरी के लिए रजिस्ट्रेशन फीस 100 रुपए एवं फाइल चार्ज 1500 रुपए लेकर ठगी कर रहा था। उन लोगों से ठगी की जाती थी जो दूर दराज के शहरों से आते थे।

### पत्रकार होने की देता था धमकी

नौकरी न मिलने पर दूर से आए युवक वापस नहीं आते थे। वहीं जो युवक आस-पास के होते थे। उनको पत्रकार होने की धमकी देकर डरा देता था। इस प्रकार स्कैम करके बेरोजगार युवाओं से पैसा लेता था। अब तक करीब 150 से ज्यादा बेरोजगार युवाओं के साथ ठगी कर चुका हूं। पैसे ज्यादा नहीं मांगता था इसलिए युवा भी देने से हिचकिचाते नहीं है।

### नाम बदलकर करता बात

युवाओं से अपना नाम बदल-बदल कर बात करता था। कभी वसीम अहमद, तो कभी कपिल भाटी, पीयूष भाटी, रोहित कुमार, रोहित चन्देला, राहुल भाटी, रविन्द्र शर्मा नाम बताकर कॉल करता था।

शिकायत कर्ता योगेन्द्र पुत्र हरिचरन लाल से भी नौकरी दिलाने के नाम पर 1600 रुपए फाइल चार्ज किए थे। जब समय से योगेन्द्र को नौकरी नही मिली तो वह मुझसे पैसे मांगने लगा तो मैने उसे गुस्से में आकर गाली गलौज करके धमकी दी थी।

### दो लड़कियों को दी थी जॉब

ऑफिस दिखाने के लिए आरोपी ने दो लड़कियों को भी नौकरी दी थी। जिनको 12-12 हजार रुपए सैलरी भी देता था।

हालांकि दोनों लड़कियों को इस जालसाजी के बारे में जानकारी थी या नहीं इसकी जांच की जा रही है।

इससे पहले भी वसीम अहमद 2024 में इसी प्रकार की धोखाधड़ी में थाना सेक्टर-49 से जेल जा चुका है। इसके कब्जे से 240 विजिटिंग कार्ड, 85 इंटरव्यू फॉर्म, 02 बुकलेट (जॉब से संबंधित), 20 ट्रेनिंग लेटर, 02 ज्वॉइनिंग लेटर, 01 माइक आईडी, 01 मुहर, 02 मोबाइल फोन, 840 रुपए नगद बरामद किए गए।

# शार्ट न्यूज

## निजी यूनिवर्सिटी के पास फॉर्च्यूनर गाड़ी से खतरनाक तरीके से स्टंट कर रहे दो गिरफ्तार




**नोएडा।** एमिटी यूनिवर्सिटी के गेट नंबर-1, के पास बीती रात फॉर्च्यूनर में सवार दो लोगों द्वारा खतरनाक तरीके से गाड़ी से स्टंट कर रहे थे। जिससे लोगों को आने-जाने में असुविधा का सामना करना पड रहा था। एवं यातायात भी बाधित हो रहा था। इसका वीडियो वायरल हो गया। जिसके बाद थाना 126 पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है। बता दे कि एडीसीपी नोएडा सुमित शुक्ला ने बताया की वायरल हो रहे वीडियो का संज्ञान लेते हुए वायरल वीड़ियो में दिख रहे व्यक्तियों की पहचान कर निजी यूनिवर्सिटी के गेट नंबर 1 के पास वायरल वाड़ियों में दिख रही कार फॉर्च्यूनर को चिन्हित करते हुए दोनो लोगों दिवाकर शर्मा पुत्र विष्णु और संजय कुमार सिंह पुत्र सतेन्द्र कुमार को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त गाड़ी फॉर्च्यूनर को सीज किया गया है।

## थाना सेक्टर-126 को मिली नई इमारत

**नोएडा।** नोएडा पुलिस कमिश्नर ने थाना सेक्टर-126 में नवनिर्मित प्रशासनिक भवन व आवासीय भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने कहा, हमारा उद्देश्य पुलिसिंग को नागरिकों के लिए अधिक सुलभ, पारदर्शी और प्रभावी बनाना है। इस नए भवन के माध्यम से हम बेहतर सेवाएं प्रदान करेंगे और पुलिसकर्मियों के लिए एक सुरक्षित एवं समर्पित कार्य वातावरण सुनिश्चित करेंगे। नवनिर्मित भवन में कई आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है। जिसमें आधुनिक प्रशासनिक कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क, साइबर सेल, सीसीटीएनएस (क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क सिस्टम) कक्ष, विवेचना कक्ष, हवालात, मालखाना व रेस्ट रूम सुविधाएं शामिल हैं। यह सभी कक्ष आधुनिक व बेहतर इन्फ्रास्ट्रक्चर से युक्त होने के साथ इनमें ग्रीन एनर्जी का उपयोग, निरंतर विद्युत आपूर्ति, उच्च गति की इंटरनेट सुविधा कार्यप्रणाली को पेपरलेस बनाने की दिशा में विशेष प्रयास किए गए हैं। नवनिर्मित भवन में पुलिसकर्मियों के लिए आवासीय भवन का निर्माण भी किया गया है। जिसमें पुलिसकर्मियों को कई बेहतर सुविधाएं प्रदान की गई है।

## यूनिवर्सिटी से लौट रहे कर्मचारी पर हमला

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा में एक निजी विश्वविद्यालय के कर्मचारी पर पड़ोसियों ने जानलेवा हमला किया। यमुना एक्सप्रेसवे के पास स्थित विश्वविद्यालय से बुधवार शाम को ड्यूटी के बाद लौट रहे ऊंची दनकौर निवासी कृष को पड़ोसियों ने रोक लिया। आरोपियों ने कृष पर लोहे के पंच से हमला किया और लात-घूंसों से मारपीट की। हमले में कृष के शरीर पर गंभीर चोटें आईं। लहूलुहान हालत में वह घर पहुंचे और परिवार को घटना की जानकारी दी। जब पीड़ित पक्ष आरोपियों के घर पहुंचा तो वहां भी उनके साथ मारपीट की गई। इस दौरान कृष की मां भी घायल हो गईं। पीड़ित का कहना है कि पुराने विवाद के कारण यह हमला किया गया। कृष ने दनकौर कोतवाली में पांच लोगों के खिलाफ नामजद शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने बताया कि शिकायत के आधार पर जांच कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पीड़ित का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज चल रहा है।

## किसान एकता संघ की बैठक में नई टीम का गठन

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कस्बे में किसान एकता संघ की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। रीलखा रोड स्थित राजेन्द्र प्रधान के फार्म हाउस पर बुधवार को हुई इस बैठक की अध्यक्षता राजेन्द्र प्रधान ने की। बैठक में संगठन के विस्तार के लिए नई टीम का गठन किया गया। संजय कुमार प्रजापति को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और नरेश प्रजापति को राष्ट्रीय सचिव बनाया गया। जितेंद्र प्रजापति को राष्ट्रीय सलाहकार मंत्री की जिम्मेदारी दी गई। धर्मेंद्र नागर को राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया। जिला स्तर पर भी कई नियुक्तियां की गईं। धर्मवीर प्रजापति को जिला सचिव, प्रदीप कुमार गर्ग को जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष, बच्चन सिंह प्रजापति को जिला उपाध्यक्ष और श्रीपाल प्रजापति को जिला प्रभारी बनाया गया। राजेंद्र प्रधान ने सरकारी विभागों में व्याप्त भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि इससे निपटने के लिए सभी को संगठित होकर संघर्ष करना होगा। बैठक में नैन सिंह प्रधान, सोरन प्रधान, जेपी नागर, राजेश ठाकुर और हाशिम सैफी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## यूनिवर्सिटी के सामने सवारी को लेकर हंगामा

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर में एक प्राइवेट यूनिवर्सिटी के सामने सवारी बैठाने को लेकर दो ऑटो चालकों के बीच मारपीट का मामला सामने आया है। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। यूनिवर्सिटी के सामने करीब 200 ऑटो खड़े रहते हैं। ये ऑटो छात्रों को लाने-ले जाने का काम करते हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, सवारी बैठाने को लेकर ऑटो चालकों में रोजाना विवाद होता है। बुधवार को सामने आए वीडियो में दो ऑटो चालक आपस में मारपीट करते दिखाई दे रहे हैं। कुछ लोग उनके बीच बचाव करते भी नजर आ रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पुलिस ऐसे ऑटो चालकों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करती। इसी कारण वे आपस में भिड़ते रहते हैं। करीब 15 दिन पहले ट्रैफिक विभाग ने बिना नंबर और अधिक सवारी बैठाने के लिए 92 ऑटो चालकों के खिलाफ कार्रवाई की थी। इसके बावजूद ऑटो चालकों के व्यवहार में कोई सुधार नहीं आया है।

## ऑपरेशन में लापरवाही पर सीएमओ से रिपोर्ट मांगी

**नोएडा।** सेक्टर-46 स्थित नेत्र अस्पताल में ऑपरेशन के बाद मरीज की आंख की रोशनी खत्म होने के मामले में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) कोर्ट ने सीएमओ से रिपोर्ट मांगी है। 13 जून को मामले में सुनवाई होगी। पीड़ित ने मामले में आंख का ऑपरेशन करने वाली डॉक्टर और मामले के बाद एफआईआर नहीं करने वाले एक पुलिस अधिकारी को आरोपी बनाया है। सेक्टर-46 निवासी पीयूष दत्त कौशिक ने पांच अप्रैल को इसी सेक्टर में स्थित विनोद आई सेंटर में मोतियाबिंद का ऑपरेशन कराया था। पीयूष दत्त कौशिक ने बताया कि आठ अप्रैल को पट्टी खुलने के बाद बायीं आंख की रोशनी चली गई ।जब मामले में एफआईआर कराने गया तो मना कर दिया गया। इस मामले में स्वास्थ्य विभाग ने अस्पताल का पंजीकरण रद्द कर दिया है। मामले में एफआईआर नहीं होने पर पीड़ित ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। सीजेएम कोर्ट ने 28 मई को सीएमओ से इस मामले की जांच रिपोर्ट तलब की थी। इस दिन रिपोर्ट नहीं दी जा सकी।

## दरोगा हत्याकांड में गैंगस्टर को सजा

**ग्रेटर नोएडा।** जिला न्यायालय ने गैंगस्टर ऐक्ट में दोषी बदमाश को साढ़े आठ साल की सजा सुनाई। यह बदमाश दादरी में हुए दरोगा अख्तर हत्याकांड में शामिल था। अदालत ने दोषी पर जुर्माना भी लगाया। अधिवक्ता बबलू चंदेला ने बताया कि दादरी में वर्ष 2016 में हुए दरोगा अख्तर खान हत्याकांड में गुलफाम उर्फ तोता निवासी नई आबादी का नाम सामने आया था। इस घटना के बाद बदमाश गुलफाम उर्फ तोता सिकंदराबाद में पकड़ा गया था। इसके बाद दादरी पुलिस ने इस बदमाश के खिलाफ गैंगस्टर ऐक्ट में मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने बदमाश के खिलाफ कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया था ।न्यायालय ने गैंगस्टर ऐक्ट के मुकदमे में बदमाश गुलफाम उर्फ तोता को आठ साल छह माह 11 दिन की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर पांच हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना राशि जमा नहीं करने पर सात दिन का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

# अमेठी में दलित युवक की गला रेतकर हत्या

## हाथ-पैर बांधे, मुंह में कपड़ा ठूंसा; कंबल-पॉलिथीन डालकर छिपाई लाश

**अमेठी।** अमेठी में एक दलित युवक की गला रेतकर हत्या कर दी गई। उसका शव बुधवार सुबह 5 बजे पड़ोसी के जानवर बांधने वाली जगह पर पड़ा मिला।

युवक के दोनों हाथ-पैर बंधे थे, मुंह में कपड़ा ठुंसा था। शव पर कंबल और पॉलिथीन डालकर उसे छिपाने की कोशिश की गई थी।

गांववालों ने बताया- सागर पड़ोस में ही रहने वाली एक लड़की से प्यार करता था। इस बात को लेकर पहले भी दोनों परिवारों के बीच झगड़ा हुआ था। सागर की शादी दूसरी जगह तय हो गई थी। उसकी मंगेतर मोहिनी ने बताया कि सागर ने एक संदिग्ध वीडियो भी बनाया था।




घरवालों ने बताया कि सागर मंगलवार रात खाना खाने के बाद छत पर सोने गया था। सुबह छोटी बहन ने उसका शव देखकर पुलिस को सूचना दी। घटना संग्रामपुर थाना क्षेत्र की है।

पूरे रामा चौहान गांव के रहने वाले सिद्धार्थ मुंबई में प्राइवेट नौकरी करते हैं। उनकी पत्नी संगीता देवी, बेटा सागर और दो बेटियां आरती-स्वाति एसडीएम कॉलोनी में ही रहते हैं। बड़ी बहन आरती ने बताया- सागर 12वीं तक पढ़ा था। वह नौकरी के सिलसिले में आज ही दिल्ली जाने वाला था। सागर की शादी प्रतापगढ़ के गोसाई का पुरवा, लालगंज की रहने वाली मोहिनी से तय हुई थी।

सागर ने मंगलवार रात 11 बजे परिवार के साथ बैठकर खाना खाया। इसके बाद रोज की तरह ही बिस्तर लेकर छत पर सोने चला गया।

## पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाने वाले पांच गिरफ्तार

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले में पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाने का एक वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने कार्रवाई की है। रामगांव थाना क्षेत्र के आंबेडकर ग्राम से 5 युवकों को गिरफ्तार किया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी के अनुसार, मंगलवार को सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हुआ था। इसमें कुछ युवक पाकिस्तान जिंदाबाद और जय भीम के नारे लगा रहे थे। पुलिस ने जांच के बाद अविनाश, अजीत, विजय, अंकुल और सतपाल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। सूत्रों के अनुसार, इन युवकों पर पहले भी इलाके के एक मंदिर में देव प्रतिमाओं को क्षतिग्रस्त करने का आरोप लगा था। हालांकि, उस मामले में कोई कड़ी कार्रवाई नहीं की गई थी।

# मासूम से दुष्कर्म का आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार

**जंगल में मिली 3 साल की बच्ची; युवक के घर पर मिले खून से लथपथ कपड़े**

**बांदा।** बांदा के चिल्ला थाना क्षेत्र में एक तीन साल की मासूम बच्ची को बहला-फुसलाकर ले जाकर युवक ने दुष्कर्म किया। दुष्कर्म करने वाले आरोपी को एसपी पलाश बंसल के नेतृत्व में पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया।

वहीं, करीब 5 घंटे चले सर्च ऑपरेशन के बाद बच्ची को 10 किलोमीटर दूर जंगल से घायल हालत में बरामद किया। बच्ची को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। जहां वह अब खतरे से बाहर बताई जा रही है।

दुष्कर्म का आरोपी सुनील निषाद पुलिस मुठभेड़ में घायल हो गया। उसके पैर में गोली लगी है। उसके पास से 315 बोर का तमंचा और कारतूस भी बरामद हुए हैं। पुलिस ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया है।

मंगलवार शाम करीब 4 बजे बच्ची को पड़ोसी सुनील निषाद खिलाने के बहाने घर से ले गया। रात 9 बजे तक बच्ची के न लौटने पर परिजनों ने तलाश शुरू की। आरोपी के घर पर बच्ची के खून से सने कपड़े मिले। इससे नाराज ग्रामीणों और परिजनों ने बांदा-कानपुर मार्ग पर जाम लगाकर हंगामा करने लगे।

घटना की सूचना पर पहुंचे एएसपीह शिवराज और फोरेंसिक टीम जांच पड़ताल में जुट गयी। रात 2 बजे जाम समाप्त करवाकर पुलिस ने थाना चिल्ला, पैलानी और एसओजी टीम के साथ सर्च ऑपरेशन शुरू किया। सुबह 4 बजे, पुलिस ने घने जंगल से घायल बच्ची को बरामद किया। उसी दौरान आरोपी को मुठभेड़ में दबोच लिया।

## शार्ट न्यूज

### बहराइच में तीन लोगों की मौत, एक घायल

**बहराइच।** बहराइच में नानपारा टोल प्लाजा के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है। रघुनाथपुर थाना मटेरा क्षेत्र में बस और कार की आमने-सामने की टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई। हादसे में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना बुधवार को हुई। कार में सवार चारों लोग अयोध्या के रहने वाले थे। घायलों में रामकुमार यादव (पठान टोला), अभय पांडे (वैदेही नगर कॉलोनी), विवेक तिवारी और विनोद श्रीवास्तव शामिल थे। सभी घायलों को तुरंत एंबुलेंस से जिला अस्पताल बहराइच ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने तीन लोगों को मृत घोषित कर दिया। रामकुमार यादव की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें बेहतर इलाज के लिए लखनऊ रेफर किया गया है। बस में सवार कोई भी यात्री इस हादसे में घायल नहीं हुआ। पुलिस मौके पर पहुंच गई है और स्थिति नियंत्रण में है।

### पत्नी से विवाद के बाद युवक ने खाया जहर

**हाथरस।** हाथरस के हसायन कोतवाली क्षेत्र के गांव नगला अडू में आज देर शाम पत्नी से हुए विवाद के बाद एक युवक ने जहर खाकर आत्महत्या की कोशिश की। उसे गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सासनी के गांव किशनगढ़ी निवासी 23 वर्षीय अभिषेक की शादी पूजा के साथ एक साल पहले हुई थी। पति-पत्नी के बीच विवाद के कारण पूजा अपने मायके चली गई थी। आज अभिषेक पत्नी को लेने ससुराल गया, जहां दोनों में फिर विवाद हुआ। इसके बाद अभिषेक ने शाम को गांव के बाहर जहर खा लिया। पत्नी पूजा का आरोप है कि अभिषेक का किसी अन्य युवती से संबंध है। उसका कहना है कि पति अक्सर उसके साथ मारपीट करता था। आज भी अभिषेक ने उसे जबरन साथ चलने को कहा और धमकी दी कि जैसे वह रखेगा, वैसे रहना पड़ेगा। उसने इसे मना कर दिया तो उसके पति ने गांव के बाहर जाकर जहर खा लिया।

### भाभी की हत्या का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**बरेली।** बरेली के बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम नवदिया हरकिशन में बुजुर्ग महिला हरप्यारी की हत्या के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। हत्या के 18 दिन बाद पुलिस ने बुधवार को मुख्य आरोपी रामपाल को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पेशे से होमगार्ड है और वह हत्या के बाद से फरार चल रहा था। उसे नवदिया हरकिशन गांव में पुरनापुर कट स्थित एक मंदिर के पास से पकड़ा गया। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल किया गया बांका भी बरामद कर लिया है। आरोपी रामपाल को यह गुमान था कि वह एक होमगार्ड है, इसलिए उसके खिलाफ कार्रवाई नहीं होगी। लेकिन पुलिस ने उसके इस भ्रम को तोड़ते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। इंस्पेक्टर अभिषेक कुमार ने बताया कि रामपाल 17 मई की रात से फरार था और लंबे समय से अपनी पत्नी व बच्चों से भी नहीं मिल पाया था। बुधवार को जब वह चोरी-छिपे उनसे मिलने आया, तभी पुलिस ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया।

### अपोलो कंपनी के 6.50 लाख के नकली पाइप जब्त

**कासगंज।** कासगंज में अपोलो पाइप्स लिमिटेड के नकली माल का भंडाफोड़ हुआ है। कंपनी के सेल्स पर्सन रामकुमार वशिष्ठ ने एक ट्रक को रोककर जांच की। ट्रक नंबर 13ईटी-0774 में लदा सारा माल नकली पाया गया। जांच में पता चला कि माल के लोगो और रंग में काफी अंतर था। ट्रक को मौहनपुरा पुलिस चौकी में ले जाया गया। कंपनी की टेक्निकल टीम ने दोबारा जांच की और पूरा माल नकली पाया। नकली माल की कीमत करीब 6.50 लाख रुपये आंकी गई है। ट्रक चालक शिवकुमार से पूछताछ में सामने आया कि यह माल बुलंदशहर के ककोड़ स्थित संजय मशीनरी स्टोर का है। दुकान के मालिक पीयूष गर्ग हैं। ट्रक भी उनके नाम पर रजिस्टर्ड है। कंपनी के डिप्टी जनरल मैनेजर सुधीर कुमार दुबे की शिकायत पर पुलिस ने दुकान मालिक पीयूष गर्ग और ट्रक चालक शिवकुमार के खिलाफ कॉपीराइट एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### हत्या के प्रयास के दोषी को 10 साल जेल

**संभल।** संभल के थाना बहजोई क्षेत्र में 22 साल पुराने हत्या के प्रयास के मामले में न्यायालय ने अहम फैसला सुनाया है। जिला एवं सत्र न्यायालय संभल ने आरोपी श्रीपाल को 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 20 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है। मामला 10 अक्टूबर 2003 का है। प्रकाश सिंह ने श्रीपाल के भाई को कुछ रुपए उधार दिए थे। श्रीपाल ने इनमें से कुछ रुपए लौटा दिए थे। शेष रुपयों की मांग करने पर श्रीपाल ने प्रकाश सिंह के साथ गाली-गलौज की। इसके बाद अपने मकान की छत से प्रकाश सिंह पर फायरिंग कर दी। इस मामले में बहजोई थाने में धारा 307 और 504 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस की प्रभावी पैरवी के चलते आरोपी श्रीपाल को सजा मिली। श्रीपाल पगौना की मढैया का रहने वाला है और वर्तमान में रमौराजपुर में रहता है।

### मुरादाबाद से दिल्ली जा रही कार ट्रक में घुसी

**हापुड़।** हापुड़ के बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के नए बाईपास पर उपेडा के पास सड़क हादसा हुआ। मुरादाबाद से दिल्ली जा रही कार आगे जा रहे ट्रक में जा घुसी। हादसे में कार सवार एक ही परिवार के 5 लोग घायल हो गए। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दरअसल, मुरादाबाद के गांव बसेरा निवासी बलजीत मंगलवार की रात करीब साढ़े 12 बजे परिवार के साथ दिल्ली जा रहे थे। बाबूगढ़ के पास चालक को नींद की झपकी आने से कार ट्रक में जा घुसी। हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घायलों में चालक बलजीत, उसका भाई नीरज, मां इंद्रावती, पिता रामबहादुर और कार्तिक शामिल हैं। हाइवे पर पेट्रोलिंग कर रही पुलिस ने सभी घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। वहां उनका इलाज चल रहा है। ट्रक चालक मौके से फरार हो गया है। थाना प्रभारी विजय गुप्ता ने बताया कि हादसे के बाद घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

### बांदा में नाबालिग से दुष्कर्म का मामला

**बांदा।** उत्तर प्रदेश के बांदा जिले में नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में न्यायालय ने आरोपी को सजा सुनाई है। यह कार्रवाई यूपी पुलिस के ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत की गई। 16 नवंबर 2020 को फतेहपुर जिले के गाजीपुर थाना क्षेत्र निवासी सनी निषाद ने बबेरु थाना क्षेत्र की एक नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर अपहरण किया। उसने पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया। इस मामले में बबेरु थाने में पॉक्सो एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया। उप निरीक्षक चंद्रपाल ने मामले की जांच कर सभी सबूत जुटाए। लोक अभियोजक शिवपूजन सिंह ने अदालत में मजबूत पैरवी की। कोर्ट मोहर्रिर महिला आरक्षी अर्चना रानी, आरक्षी अमित राजपूत और पैरोकार आरक्षी चक्रधारी के प्रयासों से मामले में सफलता मिली। बांदा की अदालत ने पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में आरोपी सनी निषाद को 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। साथ ही उस पर 10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

# चित्रकूट में दिनदहाड़े 55 वर्षीय महिला की हत्या

**चित्रकूट।** चित्रकूट जिले के मऊ थाना क्षेत्र के चिल्ला का पुरवा सुहैल गांव में बुधवार शाम उस वक्त सनसनी फैल गई, जब गांव की एक बुजुर्ग महिला की लहूलुहान लाश ट्यूबवेल के पास छप्पर के नीचे मिली। मृतका की पहचान लल्लू निषाद की पत्नी रानी देवी निषाद (60) के रूप में हुई है।

परिजनों के अनुसार, रानी देवी दोपहर में यह कहकर घर से निकली थीं कि वह ट्यूबवेल पर जा रही हैं। जब देर शाम तक वह नहीं लौटीं, तो परिवार के लोग उनकी तलाश में निकले। ट्यूबवेल पर पहुंचने पर परिजनों ने देखा कि छप्पर के नीचे रानी देवी की खून से सनी लाश पड़ी थी। यह नज़ारा देख उनके होश उड़ गए।

सूचना मिलते ही मऊ थाना प्रभारी दुर्ग विजय सिंह, सीओ यामीन अहमद, भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड ने भी घटनास्थल की गहन जांच की। फॉरेंसिक टीम को महिला के सिर पर गहरे घाव के निशान मिले हैं। पुलिस को आशंका है कि हत्या किसी धारदार हथियार या भारी वस्तु से की गई है।

सीओ यामीन अहमद ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। परिजनों ने अभी तक किसी पर शक नहीं जताया है और न ही कोई तहरीर दी गई है। मृतका के पति लल्लू निषाद और बेटों ने कहा कि उनकी किसी से कोई दुश्मनी नहीं है।

# लव मैरिज के बाद प्रेग्नेंट पत्नी का गला काटा

## अफेयर के शक में की हत्या, गोरखपुर में थानेदार से बोला- लाश जाकर उठा लो

**गोरखपुर।** गोरखपुर में पति ने 2 महीने की प्रेग्नेंट पत्नी की गला रेतकर हत्या कर दी। एक घंटे तक लाश के पास बैठा रहा, फिर थाने सरेंडर करने पहुंच गया। थानेदार से बोला- मैंने अपनी पत्नी को मार डाला, लाश घर पर पड़ी है। जाकर उठा लो। यह सुनते ही पुलिसकर्मी हैरान रह गए।

आनन-फानन में पुलिस उसे लेकर घर पहुंची। वहां देखा तो महिला की लाश बेड पर खून से लथपथ पड़ी थी। जांच-पड़ताल के बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। बेटी की मौत की खबर सुनकर उसकी मां घर पहुंचीं। लाश को देखकर वह बेहोश हो गईं।

पुलिस की शुरुआती जांच में पता चला है कि आरोपी ने दो साल पहले लव-मैरिज की थी। अफेयर के शक में उसने बुधवार सुबह वारदात को अंजाम दिया।



महिला का अंतिम संस्कार देर रात कालेसर स्थित मोक्षधाम पर हुआ। परिवार का कोई भी मुखाग्नि देने नहीं पहुंचा। डोमराज ने चिता को आग दी। इस दौरान सीओ गीडा और पुलिस के जवान उपस्थित रहे। पूरा मामला सहजनवा के बाहिलपार गांव का है।

### जानिए पूरा मामला

आरोपी अंगद शर्मा सहजनवा का रहने वाला है। वह तमिलनाडु में बढ़ई का काम करता था। उसने दो साल पहले नेहा से लव-मैरिज की थी। नेहा का घर अंगद के घर के सामने था। दोनों की जाति अलग-अलग होने के कारण परिवार वाले इस शादी के खिलाफ थे। इसलिए दोनों ने मंदिर में जाकर शादी की थी।

शादी के बाद अंगद पत्नी नेहा को लेकर तमिलनाडु चला गया था। कुछ समय बाद वह उसे वापस गांव ले आया। नेहा को सहजनवा में किराए पर कमरा दिलवाया गया, लेकिन बाद में वह गीडा थाना क्षेत्र में रहने वाली अपनी बड़ी बहन के घर चली गई। वहां वह एक वाहन एजेंसी में काम करने लगी।

### पत्नी को फोन पर बात करते देखा तो शुरू हुआ झगड़ा

दो महीने पहले अंगद तमिलनाडु से वापस लौटा। उसने नेहा को किसी से फोन पर बात करते हुए देख लिया। इस पर उसने पूछा -किससे बात कर रही थी? नेहा ने जवाब दिया- कंपनी के प्रोजेक्ट के बारे में बात कर रही थी। इस बात को लेकर दोनों के बीच रोज झगड़े होने लगे।

# पुलिस की बदमाशों के साथ मुठभेड़, दो के पैर में लगी गोली : महिला से लूटे गए जेवरात बरामद

**ललितपुर।** तालबेहट बुधवार सुबह पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हुई। इस दौरान दो बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गए। दोनों आरोपियों ने 28 मई को तालबेहट के पास एक महिला से जेवरात लूटे थे।

पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी तालबेहट, के निकट पर्यवेक्षण में के निकट पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में घटना के सफल अनावरण हेतु थाना तालबेहट पुलिस द्वारा थाना तालबेहट पर पंजीकृत मु0अ0सं0 199/2025 धारा 304(2) बीएनएस में प्रकाश में आया वांछित अभियुक्त-सोनू अहिरवार पुत्र नरेश अहिरवार उम्र



28 वर्ष निवासी बाज़ना थाना रक्सा जिला झांसी व मु0अ0सं0-237/2025 धारा 304(2) बीएनएस में प्रकाश में आया वांछित अभियुक्तगण- राजेश उर्फ राजपाल अहिरवार पुत्र नत्थू अहिरवार उम्र 21 वर्ष, सोनू अहिरवार पुत्र नरेश अहिरवार उम्र 28 वर्ष निवासीगण बाज़ना थाना रक्सा जिला झांसी, को पुलिस मुठभेड के दौरान नियमानुसार गिरफ्तार कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। थाना तालबेहट पर वादी मुकदमा की प्राप्त तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित की गई थी। थाना तालबेहट पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुँचकर, सूक्ष्मता से घटनास्थल का निरीक्षण किया गया था। घटनास्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरे देखकर, संदिग्धों की पहचान हेतु प्रयास किये जा रहे थे।

## हाईवे पर बसों के बीच ओवरटेक का विवाद

**बरेली।** बरेली के फतेहगंज पश्चिमी में नेशनल हाईवे पर दो निजी बसों के बीच ओवरटेक को लेकर हुआ विवाद हिंसक रूप ले लिया। पलिया से पानीपत जा रही बस को झुमका चौराहे के पास दूसरी बस से टक्कर लग गई। इस पर दोनों बस चालकों में कहासुनी हुई। बीच-बचाव के बाद एक बस आगे निकल गई। दूसरी बस के चालक ने अपने बाइक सवार साथियों को बुला लिया। माधौपुर ओवरब्रिज के पास दूसरी बस ने पहली बस को रोक लिया। बाइक सवारों ने बस पर लाठी-डंडों से हमला कर शीशे तोड़ दिए। हमले में कई यात्री घायल हो गए। पुलिस को देखकर हमलावर भाग गए। घायल यात्रियों में पीलीभीत के जतीपुरा निवासी विनीत और आकाश शामिल हैं।

## चोरी के मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार



**ललितपुर।** गिरार पुलिस ने झांकर पुलिया के पास से बुधवार को चोरी के एक मामले में वांछित चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक, जनपद ललितपुर कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी, मड़ावरा राजेश कुमार श्रीवास्तव के निकट पर्यवेक्षण में थाना गिरार पुलिस द्वारा थाना गिरार पर पंजीकृत मु0अ0स0- 36/2025 धारा 305(क) व 317(2) बीएनएस में वांछित अभियुक्त अमोल सिंह लोधी पुत्र देव सिंह उम्र करीब 20 वर्ष नि0ग्राम कारीटोरन थाना गिरार ललितपुर को मुखबिर खास की सूचना पर झांकर तिराहे के पास पुलिया के पास थाना गिरार ललितपुर से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त अमोल सिंह उपरोक्त के विरूद्ध नियमानुसार आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करते हुए, न्यायिक अभिरक्षा हेतु मा0 न्यायालय के समक्ष भेजा जा रहा है। वादिया द्वारा दिनांक 03.06.2025 को थाना गिरार पर प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि अभियुक्त द्वारा उसके घर से रुपये चोरी किये गये है प्रार्थना-पत्र के आधार पर थाना गिरार पर सुसंगत धाराओ में अभियोग पंजीकृत किया गया था। घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमे गठित की गयी थी।

# सेप्टिक टैंक की गैस से 3 की मौत



**पीलीभीत।** पीलीभीत में सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान गैस रिसाव से एक ही परिवार के 3 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में पिता, दामाद और बेटी शामिल हैं। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई।

गांववालों की सूचना पर पहुंची ने पड़ोसियों और घरवालों से मामले की जानकारी ली। तीनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया। मामला बुधवार शाम करीब 4 बजे थाना माधोटांडा क्षेत्र के ग्राम पंचायत सेल्हा का है।

गांव के प्रह्लाद मंडल (60) ने कुछ दिन पहले घर के बाहर शौचालय बनवाया था। लेकिन, सेप्टिक टैंक का आकार छोटा होने की वजह से परेशानी होने लगी। इसे देखते हुए प्रह्लाद ने करीब 8 फीट गहरा गड्ढा खुदवाकर उसमें नया टैंक बनवाना शुरू कराया था। ज्यादातर काम पूरा हो चुका था। टैंक के ऊपर स्लैब भी रख दिया गया था। बुधवार को प्रह्लाद अपनी बेटी तनु विश्वास (32) और दामाद कार्तिक विश्वास (38) के साथ सफाई करने टैंक में उतरे। बताया जाता है, इसी दौरान पास में बने पुराने सेप्टिक टैंक से गैस का रिसाव हो गया। तीनों इससे अनजान रहे। गहराई ज्यादा होने की वजह से बाहर नहीं निकल सके। दम घुटने से तीनों की मौके पर ही मौत हो गई।

### तीनों को टैंक में बेसुध पड़ा देख शोर मचाया

कुछ देर बाद प्रह्लाद की पत्नी वहां पहुंचीं, तो तीनों को टैंक में बेसुध पड़ा देख शोर मचाया। इस पर ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। काफी मशक्कत के बाद तीनों को बाहर निकाला गया। एक साथ तीन मौतों की खबर मिलते ही रमनगरा चौकी पुलिस मौके पर पहुंची।

# 10 ग्रामों में रिक्त चल रही राशन की दुकानों का जल्द होगा प्रस्ताव : डीएम

## 6 ग्रामों में नये उचित दर विक्रेता की नियुक्ति को शीघ्रता से कराने के दिये निर्देश

**ललितपुर।** जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में आज बुधवार को जिला स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा रिक्त 10 ग्रामों में यथाशीघ्र प्रस्ताव कराने हेतु खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया तथा 06 ग्रामों में नये उचित दर विकेता की नियुक्ति हेतु उपजिलाधिकारी स्तर पर लंबित प्रकरण में यथाशीघ्र नियुक्ति के निर्देश दिये गए। जिला पूर्ति अधिकारी द्वारा खाद्य एवं रसद विभाग की विभिन्न योजनाओं की प्रगति से अवगत कराया गया, वर्तमान में जीरो पावर्टी परिवारों




के राशन कार्ड बनाये जाने का कार्य प्रक्रियाधीन है, जिसमें 2049 के सापेक्ष 1581 परिवारों के राशन कार्ड जारी कर दिये गये है, अवशेष 468 परिवारों के आय प्रमाण पत्र न होने के राशन कार्ड जारी नही हो पा रहे है, जिस पर जिलाधिकारी द्वारा समस्त उपजिलाधिकारियों को यथाशीघ्र आय प्रमाण पत्र बनबाने हेतु निर्देशित किया गया।

जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि जनपद में प्रचलित राशन कार्डो की के0वाई0सी0 उचित दर विक्रेताओं के माध्यम से करायी जा रही है, जिसमें अभी 81 प्रतिशत कार्य किया गया है, जनपद के समस्त उचित दर विक्रेताओं को निर्देशित किया गया है कि अपनी दुकान से सम्बद्ध सभी अन्त्योदय पात्र गृहस्थी परिवारों के सदस्य/यूनिटों का शत-प्रतिशत के0 वाई0सी0 करना सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत राशन कार्ड हेतु नगरीय क्षेत्र में 70 प्रतिशत के सापेक्ष 67.75 प्रतिशत एवं ग्रामीण क्षेत्र में 79 प्रतिशत के सापेक्ष 78.76 प्रतिशत जनसंख्या को आच्छादित किया जा चुका है, इस प्रकार वर्तमान में ग्रामीण क्षेत्र का लक्ष्य पूर्ण बताया गया।

## पेंशन कटौती मामले में हाईकोर्ट का फैसला

**लखनऊ।** लखनऊ हाईकोर्ट ने सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारियों की पेंशन कटौती से जुड़ी हजारों याचिकाओं पर महत्वपूर्ण आदेश दिया है। न्यायमूर्ति राजेश सिंह चौहान की एकल पीठ ने राज्य सरकार द्वारा गठित कमेटी को याचिकाओं के निस्तारण का जिम्मा सौंपा है। कोर्ट ने याचियों को एक महीने में कमेटी के समक्ष अपना प्रत्यावेदन देने का निर्देश दिया है। कमेटी को इन प्रत्यावेदनों पर तीन महीने में निर्णय लेना होगा। कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि कमेटी के निर्णय तक याचियों की पेंशन से कोई वसूली नहीं की जाएगी। याचियों का कहना था कि सेवानिवृत्ति पर ली गई एकमुश्त पेंशन राशि की वसूली के लिए उनकी मासिक पेंशन से कटौती की जा रही है। यह कटौती एडवांस पेंशन का लगभग एक प्रतिशत से कुछ अधिक है। इस दर से ब्याज सहित पूरी राशि 10 वर्ष 11 माह में या अधिकतम 12 वर्ष में वसूल हो सकती है। याचियों ने 8 दिसंबर 2008 के शासनादेश को चुनौती दी, जिसमें वसूली की अवधि 15 वर्ष कर दी गई थी।

# कार और लोडर की आमने-सामने भिड़ंत : बरेली में सड़क हादसे में 2 की मौत

बरेली। बरेली-बीसलपुर मुख्य मार्ग पर एक तेज रफ्तार कार और लोडर की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में कार सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा इतना जबरदस्त था कि कार के परखच्चे उड़ गए। लोडर भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। कार और लोडर में फंसे लोग चीखते-चिल्लाते रहे, जिन्हें राहगीरों ने मशक्कत के बाद बाहर निकाला।

ये हादसा बरेली-बीसलपुर मार्ग पर राघवपुर मोड़ के पास शाम करीब चार



बजे हुआ। बीसलपुर की ओर से आ रहा एक लोडर जैसे ही मोड़ पर पहुंचा, सामने से तेज रफ्तार में आ रही कार उससे टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार उछलकर सड़क किनारे खाई में जा गिरी और बुरी तरह चकनाचूर हो गई।

### घायलों को एंबुलेंस से भेजा गया अस्पताल

हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई। स्थानीय ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। उन्होंने घायलों को कार और लोडर से बाहर निकालने में मदद की। पुलिस की सहायता से सभी घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया गया।

कार में सवार डेलापीर निवासी मोहित कुमार और उनके एक साथी की मौके पर ही मौत हो गई। कार चालक ओमप्रकाश गंभीर रूप से घायल हो गया है। लोडर में मौजूद चालक इरफान, हेल्पर मनोज कुमार (निवासी अमृति, थाना भुता), और ग्राम रूपियापुर के दो सवारी, नरोत्तम गंगवार और नीरज गंगवार, सभी को गंभीर चोटें आई हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### अप्रवासन नीति को सख्त न करने पर गिर सकती है नीदरलैंड सरकार, दक्षिणपंथी गीर्ट विल्डर्स ने दी धमकी

**हेग, एजेंसी।** नीदरलैंड की 11 माह पुरानी सरकार पर संकट के बादल मंडरा गए हैं। दरअसल गठबंधन सरकार में शामिल गीर्ट विल्डर्स सरकार से समर्थन वापस लेने पर विचार कर रहे हैं। गठबंधन सरकार में चार पार्टियां शामिल हैं और अगर गीर्ट विल्डर्स समर्थन वापस लेते हैं तो सरकार अल्पमत में आ जाएगी। दरअसल बीते हफ्ते विल्डर्स ने सरकार से मांग की थी कि अप्रवासन को तेजी से कम करने के लिए 10 बिंदू योजना पर हस्ताक्षर करे। इस योजना में विल्डर्स ने देश की सीमाओं की रक्षा और अवैध अप्रवासन को रोकने के लिए सेना की तैनाती की भी मांग की है। उनका कहना है कि अगर अप्रवासन नीति को सख्त नहीं किया गया तो उनकी पार्टी सरकार से अपना समर्थन वापस ले लेगी। नीदरलैंड सरकार पर संकट के बादल ऐसे वक्त मंडरा रहे हैं, जब नीदरलैंड तीन हफ्ते बाद ही हेग में नाटो नेताओं की अहम बैठक होनी है। सोमवार को रात को गठबंधन के नेताओं की बैठक हुई, जिसमें गीर्ट विल्डर्स भी शामिल हुए। बैठक के बाद विल्डर्स ने कहा कि कल फिर से बैठक होगी, लेकिन हालात ठीक नहीं लग रहे हैं। विल्डर्स के बयान से साफ है कि सहमति नहीं बन पा रही है और वे सरकार से समर्थन वापस ले सकते हैं। गीर्ट विल्डर्स एक धुर दक्षिणपंथी नेता हैं, जो नीदरलैंड में इस्लाम और अप्रवासन नीति के बड़े विरोधी हैं। विल्डर्स लंबे समय तक विपक्ष में रहे हैं, लेकिन नवंबर 2023 में हुए चुनाव में उनकी पार्टी को सबसे ज्यादा सीटें मिलीं थी और सत्ताधारी गठबंधन में उनकी पार्टी सबसे बड़ी है। विल्डर्स ने कहा कि कई महीने की बातचीत के बाद अब उनका सब्र जवाब दे रहा है। इससे पहले फरवरी में भी विल्डर्स ने गठबंधन से नाता तोड़ने की धमकी दी थी क्योंकि शरणार्थियों की संख्या सीमित करने की उनकी मांग पूरी नहीं हो रही थी। हालांकि बाद में विल्डर्स मान गए थे।

### न्यूजीलैंड में महिला सांसद ने संसद में दिखाई खुद की न्यूड फोटो, वजह भी बताई

**वेलिंगटन, एजेंसी।** न्यूजीलैंड में एक महिला सांसद के फैसले की चर्चा हो रही है। खबर है कि वह एआई यानी आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस की मदद से तैयार की गई खुद की फेक न्यूड फोटो लेकर संसद पहुंची थीं। दरअसल, वह दिखाना चाहती थीं कि किसी की झूठी तस्वीर तैयार करना कितना आसान है और यह कितना नुकसान पहुंचा सकता है। वह इस संबंध में कानून बनाने की मांग कर रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, एसीटी पार्टी की सासंद लॉरा मैक्ल्योर खुद की एक तस्वीर लेकर पहुंची थीं। उन्होंने कहा, यह मेरी नग्न तस्वीर है, लेकिन यह असली नहीं है। उन्होंने कहा, खुद की डीपफेक बनाने में मुझे 5 मिनट से भी कम समय लगा है। उन्होंने संसद में खुलकर अपनी तस्वीर दिखाई और विरोध दर्ज कराया है। सोशल मीडिया पर शेयर किए गए एक वीडियो मैसेज में उन्होंने कहा, मैं संसद के अन्य सदस्यों का ध्यान इस ओर आकर्षित करना चाहती थी कि ऐसा करना कितना आसान है और इसकी वजह से कितना नुकसान हो रहा है। खासतौर से हमारे युवा किवी कितने प्रभावित हैं। उन्होंने कहा, तकनीक परेशानी नहीं है, बल्कि परेशानी है कि इसका गलत इस्तेमाल लोगों को प्रताड़ित करने के लिए हो रहा है। हमें इसके लिए कानून बनाने होंगे। वह डीपफेक डिजिटल हार्म एंड एक्सप्लॉइटेशन बिल का समर्थन कर रही हैं। खबर है कि रिवेंज पोर्न और निजी पलों की रिकॉर्डिंग के संबंध में पहले से बने कानूनों में संशोधन करेगा और बगैर सहमति के डीपफेक बनाने और शेयर करने को अपराध बनाएगा। इसके अलाव इस कानून के तहत पीड़ितों को कंटेट हटवाने और न्याय पाने का भी रास्ता साफ हो जाएगा। एक अन्य पोस्ट में मैक्ल्योर ने लिखा, किसी को भी डीपफेक का निशाना नहीं बनना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे कानून इसके लिए तैयार नहीं हैं और यह चीज बदलनी होगी।

### गाजा में खाना बांटने के दौरान फिर से गोलीबारी, 3 लोगों की मौत, 30 घायल

**गाजा, एजेंसी।** दक्षिणी गाजा में सोमवार सुबह को खाना बांटने के दौरान फिर से गोलीबारी हुई जिसमें 3 लोगों की मौत हो गई, और 30 से ज्यादा घायल हो गए। अल जजीरा के मुताबिक, ÿइजरायली सेना ने बिना किसी चेतावनी के खाना लेने की कोशिश कर रहे लोगों पर गोली चला दी।ÿ अंतरराष्ट्रीय सहायता संगठनों ने इसकी निंदा की है, क्योंकि इससे हालात और खराब हो रहे हैं और जरूरतमंदों तक मदद नहीं पहुंच पा रही। यूनाइटेड नेशन ने गाजा में बार-बार हो रही ऐसी गोलीबारी की स्वतंत्र जांच की मांग की है। ये गोलीबारी सुबह उसी इजराइल समर्थित सहायता केंद्र पर हुई, जहां एक दिन पहले भी फायरिंग हुई थी। जिसमें 31 लोगों की मौत हो गई थी, और करीब 200 लोग घायल हुए थे। अल जजीरा को प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि इजरायली स्नाइपर्स और ड्रोन गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन (त्न।स्न) के सहायता केंद्रों पर नजर रखते हैं। इसे इजराइल और अमेरिका से समर्थन मिलता है। फिलिस्तीनी नागरिक सुरक्षा एजेंसी के अनुसार पिछले 24 घंटों में अलग-अलग इजरायली हमलों में कम से कम 51 लोग मारे गए और 503 घायल हुए है। फाइनेंशियल टाइम्स के मुताबिक, गाजा का 80त्न हिस्सा अब इजराइली नियंत्रण में है या जबरन खाली कराया गया है। 23 लाख लोग अब दक्षिणी गाजा के छोटे से इलाके में रहने को मजबूर है।

# पाकिस्तान में कराची की जेल से 216 कैदी भागे: भूकंप के बाद अफरातफरी में मेन गेट से फरार

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के कराची की मलिर जेल से सोमवार रात 216 कैदी फरार हो गए। जेल प्रशासन के मुताबिक कराची में आए भूकंप के झटकों के बाद ऐहतियातन कैदियों को बैरकों से बाहर निकाला गया था। जियो न्यूज के मुताबिक इसी दौरान मौके का फायदा उठाकर कैदी मेन गेट से फरार हो गए। इनमें से करीब 80 कैदियों को दोबारा पकड़ लिया गया है, जबकि 135 कैदी अभी भी फरार हैं। जेल सुपरिंटेंडेंट अरशद शाह ने मंगलवार तड़के इसकी पुष्टि की। इससे पहले कई मीडिया रिपोर्ट्स में कैदियों के दीवार तोड़कर भागने की बात कही जा रही थी। प्रशासन ने साफ किया है कि कोई दीवार नहीं तोड़ी गई, सभी कैदी मेन गेट से ही भगदड़ के बीच भाग निकले।



**भूकंप के बाद कैदियों ने धक्कामुक्की की :** गृह मंत्री लांजार ने बताया कि भूकंप के बाद 700 से 1000 कैदियों को बैरकों से बाहर लाया गया था। इसी अफरा-तफरी में 100 से ज्यादा कैदियों ने मेन गेट की तरफ धक्का-मुक्की शुरू की और भाग निकले। जेल प्रशासन के मुताबिक तलाशी अभियान अब भी जारी है। इस अभियान में स्पेशल सिक्योरिटी यूनिट, रैपिड रिस्पॉन्स फोर्स , रेंजर्स और फ्रंटियर कोर की टीमें मिलकर काम कर रही हैं। घटना के तुरंत बाद जेल का नियंत्रण रेंजर्स और एफसी ने संभाल लिया। आईजी जेल, डीआइजी जेल और जेल मंत्री ने मौके पर पहुंचकर हालात का जायजा लिया।

**हादसे में एक कैदी की मौत, 4 सुरक्षाकर्मी घायल :** घटना में एक कैदी की मौत की खबर है। वहीं, 4 सुरक्षाकर्मी घायल हुए हैं। गृह मंत्री ने माना कि प्रशासनिक लापरवाही भी इस घटना का कारण हो सकती है। मुख्यमंत्री मुराद अली शाह को पूरी जानकारी दे दी गई है। उन्होंने गृह मंत्री को जेल जाकर हालात की निगरानी करने के निर्देश दिए। सिंध के राज्यपाल कामरान टेसोरी ने भी घटना का संज्ञान लेते हुए गृह मंत्री और ढ्ढत्र सिंध पुलिस से सभी कैदियों को जल्द गिरफ्तार करने को कहा। गृह मंत्री लांजार ने बताया कि हर फरार कैदी की पहचान और रिकॉर्ड उपलब्ध है। उनके घरों और आसपास के इलाकों में छापेमारी जारी है। जेल मंत्री ने कहा कि लापरवाह अफसरों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। सुरक्षा के लिहाज से चैक पोस्ट्स और निगरानी सख्ती बरती जा रही है।

पिछले साल जुलाई में पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर की रावलकोट जेल से 19 कैदी फरार हो गए थे। इनमें से 6 को मौत की सजा सुनाई गई थी। घटना पुंछ के रावलकोट जेल की है, जो मुजफ्फराबाद से करीब 110 किमी दूर है। रविवार दोपहर करीब 2:30 बजे एक कैदी ने पहरेदार से उसकी लस्सी बैरक तक लाने के लिए कहा था। जब पहरेदार लस्सी देने पहुंचा, तब कैदी ने बंदूक तानकर उसे दबोच लिया और उसकी चाबियां छीन लीं। इसके बाद कैदी ने बाकी बैरक का ताला भी खोल दिया था। फिर सभी कैदी मेन गेट की तरफ भागे। इस दौरान पुलिस के साथ मुठभेड़ में एक कैदी की मौत हो गई थी। पाकिस्तान में इससे पहले भी कई बार आतंकियों के जेल तोड़कर भागने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। 2012 में पाकिस्तान के बन्नू शहर में 400 कैदी जेल से फरार हो गए थे।

## रूस-यूक्रेन में दूसरे दौर की शांतिवार्ता एक घंटे में खत्मःकैदियों की अदला-बदली पर सहमति

**इस्तांबुल, एजेंसी।** रूस और यूक्रेन की बीच सोमवार को तुर्किये से इस्तांबुल में दूसरे दौर की शांति वार्ता 1 घंटे में खत्म हो गई। दोनों देश गंभीर रूप से घायल और बीमार युद्धबंदियों की अदला-बदली पर सहमत हो गए हैं। इसके साथ ही दोनों पक्ष 6,000-6,000 मारे गए सैनिकों के शव भी वापस लौटाएंगे। यूक्रेन के रक्षा मंत्री रुस्तम उमेरोव ने कहा कि हम सभी युद्धबंदियों की रिहाई और सभी दिव्यांग बच्चों और कैदियों की वापसी चाहते हैं। वहीं, रूसी प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख व्लादिमीर मेंडिस्की ने कहा- इस समझौते के तहत गंभीर रूप से घायल और 18 से 25 साल के युवा सैनिकों की भी अदला-बदली की जाएगी। यह वार्ता ऐसे वक्त में हुई जब कुछ घंटे पहले ही यूक्रेन ने रूस के साइबेरिया में बड़े पैमाने पर ड्रोन हमला किया। इस बारे में पूछे जाने पर रूसी प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि कल का इंतजार कीजिए। इससे पहले दोनों देशों का डेलिगेशन 16 मई को इस्तांबुल में मिला था, तब भी दोनों के बीच 2 घंटे बातचीत हुई थी। यूक्रेन के हमले में रूस को काफी नुकसान पहुंचा है, इसके बाद पलटवार करते हुए रूस ने भी यूक्रेन पर अपने मिसाइल और ड्रोन हमले बढ़ा दिए हैं। यूक्रेन का प्रतिनिधिमंडल बातचीत के लिए मिलिट्री यूनिफॉर्म में पहुंचा है। यूक्रेन की तरफ से रक्षा मंत्री रुस्टेम उमेरोव और रूस की तरफ से राष्ट्रपति पुतिन के करीबी व्लादिमिर मेंडिस्की इस बातचीत में भाग लिया। कैदी अदला-बदलीः 16 मई को इस्तांबुल में रूसी और यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडलों के बीच हुई बातचीत के बाद दोनों देशों ने 1-1 हजार कैदियों की अदला-बदली पर सहमति जताई थी।

**सीजफायरः** यूक्रेन ने 30 दिन के सीजफायर की मांग की थी, लेकिन रूस ने इसे स्वीकार नहीं किया। रूस ने शर्त रखी कि यूक्रेन को चार इलाकों (दोनेत्स्क, लुहान्स्क, जपोरिझिया, खेरसॉन) से पूरी तरह पीछे हटना होगा, जिनमें लगभग 1.1 करोड़ यूक्रेनी नागरिक रहते हैं। जिसे यूक्रेन ने अस्वीकार कर दिया था।

**शांति समझौताः** तुर्की के विदेश मंत्री हाकन फिदान ने कहा था कि दोनों देश दोबारा मिलने को तैयार हैं, लेकिन कोई नई तारीख तय नहीं हुई। रूस ने यूक्रेन को शांति समझौते का मसौदा देने की बात कही।


## चीन में शी जिनपिंग के करीबी पूर्व जनरलर छील्यांग का निधन, बीजिंग में 75 साल की उम्र में आखिरी सांस ली

**बीजिंग, एजेंसी।** चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के करीबी माने जाने वाले पूर्व टॉप जनरल शू छील्यांग का सोमवार को बीजिंग में निधन हो गया। वे 75 वर्ष के थे। चीन के रक्षा मंत्रालय ने उनके निधन की जानकारी दी। शू छील्यांग पीपुल्स लिबरेशन आर्मी की सर्वोच्च निगरानी संस्था सेंट्रल मिलिट्री कमीशन के उपाध्यक्ष रहे थे और शी जिनपिंग के शुरुआती कार्यकाल में सेना के प्रमुख रणनीतिकारों में गिने जाते थे। उस दौर में शी सेना और नौसेना को सेना की नीति-निर्माण संस्था में बड़ी भूमिका देने लगे थे, जिसे लंबे समय तक थल सेना) का वर्चस्व प्राप्त था। शू ने 1966 में पी एल ए जॉइन की थी, जब चीन में माओ के नेतृत्व में सांस्कृतिक क्रांति का तूफानी दौर शुरू हो रहा था। वर्षों की सेवा के बाद वे वायुसेना के जनरल बने और सेना में महत्वपूर्ण पदों पर पहुंचे।



# संसद में विश्वास मत हासिल नहीं कर सके मंगोलिया के प्रधानमंत्री, कड़े विरोध के बाद दिया इस्तीफा

**उलान बतोर , एजेंसी।** लोकतंत्र कायम करने की राह पर चल रहे मंगोलिया में सियासी उथल-पुथल है। अपने बेटे के बेतहाशा खर्च को लेकर विरोध का सामना कर रहे प्रधानमंत्री ओयुन-एर्डीन लुव्सन्नामसराय संसद में विश्वास मत हासिल नहीं कर सके हैं। प्रधानमंत्री ने मंगलवार सुबह इस्तीफा दे दिया। वॉशिंगटन में मंगोलिया के दूतावास ने इसकी पुष्टि की। मीडिया रिपोर्ट में कहा गया कि प्रधानमंत्री ओयुन-एर्डीन लुव्सन्नामसराय को 44 वोट मिले, जो आवश्यक 64 से काफी कम है। दरअसल प्रधानमंत्री के बेटे के खर्च को लेकर कई सप्ताह से विरोध प्रदर्शन हो रहा था। प्रदर्शनकारियों ने प्रधानमंत्री से पद छोड़ने की मांग की। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि देश की खनिज संपदा से व्यापारिक हितों और धनी लोगों को लाभ हुआ है, जबकि कई मंगोल लोग अभी भी गरीबी में जी रहे हैं। इसके बाद संसद में विश्वास मत को लेकर मतदान कराया गया। मतदान से पहले ओयुन-एर्डीन ने चेतावनी दी कि इससे अस्थिरता पैदा हो सकती है और मंगोलिया का नया लोकतंत्र हिल सकता है। उन्होंने कहा कि अगर शासन अस्थिर हो जाता है, आर्थिक स्थिति खराब हो जाती है। राजनीतिक दल आम सहमति पर नहीं पहुंच पाते हैं। इससे जनता का संसदीय शासन में विश्वास खत्म हो सकता है और हमारी लोकतांत्रिक संसदीय प्रणाली के ढहने का खतरा हो सकता है।




उन्होंने अपनी गलती स्वीकार करते हुए कहा कि मैंने बड़ी परियोजनाओं को बहुत अधिक समय दिया, जबकि सामाजिक और आंतरिक राजनीतिक मामलों पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया। ओयुन-एर्डीन चार वर्षों तक इस पद पर रहे थे तथा इससे पहले भी उन्हें पद छोड़ने के लिए कहा गया था।

**मंगोलिया में पिछले साल बनी थी गठबंधन सरकार :** मंगोलिया में पिछले साल चुनावी सुधारों के बाद संसद की सीटें 76 से बढ़ाकर 126 कर दी गई। इसके बाद गठबंधन सरकार बनी। रूस और चीन के बीच घिरा मंगोलिया लोकतांत्रिक बनने के लिए संघर्ष कर रहा है। शीत युद्ध के दौरान सोवियत संघ के पतन के बाद से यह लोकतंत्र में तब्दील हो रहा है। सामरिक एवं अंतरराष्ट्रीय अध्ययन केंद्र में भारत एवं एशियाई अर्थव्यवस्था की उप निदेशक एवं वरिष्ठ फेलो एरिन मर्फी ने कहा कि लोकतंत्र के लिए आधार तैयार करना बहुत कठिन है। ऐसे समय में मंगोलिया को आर्थिक समस्याओं से भी निपटना होगा। हमें अभी भी देखना है कि आगे क्या होता है और नई सरकार इन मुद्दों से निपटने की क्या योजना बनाती है? मंगोलिया में लोकतंत्र अभी तक पनप नहीं पाया है, लेकिन यह जड़ें जमा रहा है।

## ब्रिटेन आतंकवाद से लड़ने के भारत के प्रयासों के साथ: ब्रिटिश सांसद


**लंदन, एजेंसी।** लेस्टर पूर्व से ब्रिटिश सांसद शिवानी राजा ने रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व में भारत के सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की। उन्होंने इसे सकारात्मक बैठक बताया। उन्होंने भारत के साथ काम करने और आतंकवाद से निपटने के प्रयासों में उसका समर्थन करने की इच्छा जताई। एएनआई के साथ एक साक्षात्कार में शिवानी राजा ने आतंकवादी हमलों का जवाब देने के लिए भारत की प्रशंसा की। उन्होंने ब्रिटेन और अन्य देशों से आतंकवाद की निंदा करने और इसके खिलाफ खड़े होने का आह्वान किया।

सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के साथ अपनी बैठक के बारे में उन्होंने कहा, हमने अभी-अभी भारत के वरिष्ठ प्रतिनिधिमंडल के साथ अपने पार्टी मुख्यालय में कंजर्वेटिव फ्रेंड्स ऑफ इंडिया के साथ एक गोलमेज सम्मेलन की मेजबानी पूरी की है। यह वास्तव में एक सकारात्मक बैठक थी, उस बैठक से बहुत कुछ सीखने को मिला। कुल मिलाकर यह वास्तव में सकारात्मक थी और हम भारत के साथ काम करने और आतंकवाद से निपटने के उनके प्रयासों में उनका समर्थन करने के लिए तत्पर हैं। जब भी हम आतंकवाद देखें, तो उसका विरोध करें उन्होंने कहा कि ब्रिटेन ने हमेशा आतंकवाद की निंदा की है। ब्रिटेन की शैडो विदेश मंत्री प्रीति पटेल ने पहलगाम में हाल ही में हुए आतंकवादी हमले की निंदा की। शिवानी राजा ने कहा, ब्रिटेन ने हमेशा आतंकवादी हमलों की निंदा की है, चाहे वह पहलगाम में हो या दुनिया के किसी अन्य देश में। यह कोई अलग बात नहीं थी। प्रीति पटेल ने 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले की निंदा करने में कोई समय बर्बाद नहीं किया और मुझे लगता है कि इस दुनिया के नागरिक के रूप में चाहे आप राजनीति में हों या नहीं, हम सभी का कर्तव्य और जिम्मेदारी है कि जब भी हम आतंकवाद देखें, तो उसका विरोध करें। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के प्रयासों की सराहना की आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए शिवानी राजा ने कहा, मुझे लगता है कि भारत में होने वाले आतंकवादी हमलों का जवाब देने में भारत शानदार काम कर रहा है। ब्रिटेन और अन्य देशों को भी आतंकवाद की निंदा करने के लिए खड़े होने की जरूरत है। ब्रिटेन यही कर रहा है और आगे भी करता रहेगा। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में ब्रिटेन को क्या प्रयास करने चाहिए? उन्होंने कहा, हमें आतंकवादी हमलों की निंदा करनी चाहिए और आतंकवाद को जहां भी हम देखें, उसका विरोध करना चाहिए, चाहे वह किसी भी देश का हो। मैं यही कर रही हूं, मेरी पार्टी यही कर रही है और यहां की सरकार भी यही कर रही है।



## टमाटर मत खाना, अमेरिकी सरकार दे रही लोगों को सलाह, 14 राज्यों में दुकानों से भी हटवाया

**वाशिंगटन, एजेंसी।** इन दिनों अमेरिका के लोगों को टमाटर ना खरीदने और ना खाने की सलाह दी जा रही है। इसकी वजह है टमाटर के कई वैरायटी में खतरनाक बैक्टीरिया होने का पता चलना। देश की स्वास्थ्य एजेंसी फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन यानी एफडीए के अधिकारियों ने बताया है कि उन्हें आशंका है कि इन टमाटरों में साल्मोनेला हो सकता है। खबर सामने आने के बाद अमेरिका के 14 राज्यों में दो प्रकार के टमाटरों को दुकानों से हटवा दिया गया है। एफडीए ने इससे पहले 2 मई को एक आदेश जारी कर टमाटरों को वापस लेने का निर्देश जारी किया था। इसके बाद से स्थिति और बिगड़ती जा रही है। एफडीए ने अपने नए आदेश में लोगों से कहा, ÷एफडीए लोगों से अपील करता है कि जिन्होंने टमाटर खरीदे हैं, वे उन्हें न खाएं। वे या तो इसे वापस कर दें, या उसे फेंक दें।÷ अधिकारियों ने यह भी कहा है कि जिन लोगों ने प्रभावित टमाटर खाए हैं और उनमें कोई भी लक्षण दिखाए देते हैं, तो वे जल्द से जल्द अस्पताल में रिपोर्ट करें। एफडीए ने बताया है कि बैक्टीरिया से संक्रमित टमाटर तीन राज्यों में बेचे जा चुके थे। इनमें जॉर्जिया, नॉर्थ कैरोलिना और साउथ कैरोलिना शामिल है। एफडीए के अनुसार इन राज्यों में 23 अप्रैल से 28 अप्रैल के बीच दूषित टमाटर बेचे गए। हालांकि इसे खाने से अभी तक के हताहत होने की सूचना नहीं मिली है, लेकिन अधिकारी लोगों से बेहद सावधानी बरतने की अपील कर रहे हैं। साल्मोनेला बैक्टीरिया कितना खतरनाक है? रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र के मुताबिक साल्मोनेला यह एक हानिकारक माइक्रोर्गनिज्म है। गलती से इंसानों तक पहुंचने के बाद 12 से 72 घंटों के भीतर यह दस्त, बुखार और पेट में ऐंठन को ट्रिगर कर सकता है। जहां ज्यादातर लोग बिना इलाज के ठीक हो सकते हैं, वहीं बच्चों, बुजुर्गों और कमजोर इम्युनिटी सिस्टम वाले लोगों में यह गंभीर और घातक संक्रमण का कारण बन सकता है। गर्भवती महिलाओं को भी खतरा है। एफडीए ने बताया है कि फ्रीजिंग और सुखाने से बैक्टीरिया की वृद्धि को रोका जा सकता है।



# नेपाल में राजशाही समर्थक आंदोलन कुचलने की तैयारी

**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल की सड़कों पर राजशाही की बहाली और हिंदू राष्ट्र की मांग को लेकर उठती आवाजें अब सरकार के निशाने पर हैं। बीते पांच दिनों से जारी इस आंदोलन के तेज होने से सत्ता के गलियारों में बेचैनी भी बढ़ा रही है। अब पीएम केपी शर्मा ओली की सरकार ने इस आंदोलन को कुचलने की खुली तैयारी कर ली है। काठमांडू के रिंग रोड क्षेत्र को दो महीने के लिए प्रतिबंधित घोषित कर दिया गया है। वहीं, राजशाही आंदोलन में शामिल राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी (आरपीपी) के दो शीर्ष नेता रवींद्र मिश्र और धवल शमशेर राणा समेत 61 लोगों पर सरकार ने मुकदमा भी दर्ज किया है। सभी 61 लोगों पर राज्य के खिलाफ अपराध, अशांति फैलाने और संगठित अपराध जैसे गंभीर आरोपों में केस दर्ज हुआ है।

कार्रवाई के डर से अंडरग्राउंड हुए आंदोलन के नेता मिश्र और राणा व अन्य बड़े नेता ओली सरकार की कार्रवाई से बचने के लिए अंडरग्राउंड हो चुके हैं। सूत्र बताते हैं कि ये नेता पार्टी की आंतरिक रणनीतिक बैठकों में शामिल हो रहे हैं, लेकिन सरकार की गिरफ्तारी की कार्रवाई से बचने के लिए अंडरग्राउंड हो गए हैं। इनके मोबाइल स्विच ऑफ हैं और बाकी कई नेताओं ने भी अपना संपर्क सीमित कर लिया है। आंदोलन का संचालन अब सोशल मीडिया, निजी चैनलों और पार्टी नेटवर्क से हो रहा है। आंदोलन के खिलाफ ओली की पार्टी समेत तीनों बड़े दल एकजुट पीएम ओली की सीपीएन-यूएमएल, नेपाली कांग्रेस व माओवादी केंद्र तीनों दलों ने मिलकर आंदोलन का मुकाबला करने का ऐलान किया है। सोमवार को सिंगदरबार स्थित प्रधानमंत्री कार्यालय में हुई बैठक में ओली, नेपाली कांग्रेस प्रमुख शेर बहादुर देउबा व माओवादी नेता पुष्पकमल दहल प्रचंड ने इस मुद्दे पर संयुक्त रुख अपनाने पर सहमति जताई। तीनों दलों ने यह स्पष्ट किया कि वे संविधान-लोकतंत्र विरोधी आंदोलन को सफल नहीं होने देंगे। पूर्व नेपाल नरेश झापा के 'मिनी पैलेस' में बना रहे रणनीति पूर्व नेपाल नरेश ज्ञानेंद्र शाह ने काठमांडू से दूरी बना ली है। वे झापा के दमक में 'मिनी पैलेस' में रह रहे हैं। दो हफ्ते वहीं रहेंगे। सूत्रों का कहना है कि वे निजी स्तर पर राजनीतिक मुलाकातें कर रणनीति बना रहे हैं। हालांकि उनके सचिवालय ने किसी भी औपचारिक राजनीतिक कार्यक्रम से इनकार किया है। प्रेस सचिव फणिन्द्र पाठक ने कहा, यात्रा पूव-निर्धारित है। वे झापा जाते रहते हैं। पूर्व राजकुमारी हिमानी व उनके बेटे सक्रिय पूर्व राजकुमारी हिमानी शाह ने राजशाही समर्थकों के साथ दीप जलाकर नारायणहिटी राजदरबार हत्याकांड की 23वीं बरसी पर श्रद्धांजलि दी। फोटोः प्रकाश चन्द्र तिमिल्सेना काठमांडू में रविवार को नारायणहिटी राजदरबार हत्याकांड की 23वीं बरसी पर राजशाही समर्थकों ने मोमबत्तियां जलाकर दिवंगत शाही परिवार को श्रद्धांजलि दी। इस कार्यक्रम की खास बात पूर्व राजकुमारी हिमानी शाह और उनके पुत्र हृदयेंद्र शाह की मौजूदगी रही। यह पहली बार है जब हालिया आंदोलन के दौरान शाही परिवार की सक्रियता सार्वजनिक रूप से सामने आई है।



# जीत के बाद भावुक होकर विराट बोले, मेरा दिल और आत्मा आरसीबी के साथ

## मैंने अपनी जवानी और अनुभव सहित सभी टीम को दिया

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की जीत के बाद उसके पूर्व कप्तान विराट कोहली अपनी भावनाओं पर काबू नहीं कर पाये। विराट ने कहा कि मेरा दिल बेंगलुरु के साथ है, मेरी आत्मा बेंगलुरु के साथ है। ये कहते हुए उनकी आंखों से आंसू निकल गये। तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने जैसे ही 20वें ओवर की अंतिम गेंद फेंकी। जीत की खुशी में विराट की आंखों से आंसू गिरने लगे। अपना चेहरा उन्होंने छिपा लिया। आरसीबी के खिलाड़ियों ने उन्हें घेरे लिया। 18 नंबर की जर्सी का खिताबी इंतजार 18 साल में जो समाप्त हुआ था। तीन फाइनल हारने के बाद आरसीबी पहली बार कोई फाइनल जीती है। ये क्षण विराट पर भरोसा करने वाली एक टीम के लिए भावुक करने वाला था। पिछले 18 साल की असफलता और निराशा इस एक पल में कहीं पीछे हो गई। एक खिताब जिसकी तलाश में विराट थे वह आंखिरकार उन्हें मिल ही गया। विराट ने जीत के बाद कहा कि ये ट्रॉफी जितनी मेरे लिए है, उनती ही प्रशंसकों के लिए भी कीमती है। पिछले 18 साल हो गए हैं। मैंने इस टीम को अपनी जवानी, अपना अनुभव सहित सब कुछ दिया है। मैंने हर सीजन में इसे जीतने की कोशिश की थी। अंत में ये जीत हासिल करना विश्वसनीय एहसास है। इसी कारण आखिरी गेंद फेंके जाने के बाद मैं भावनाओं से भर गया था। मैंने इसके लिए अपनी पूरी ताकत लगा दी थी यह एक अनौखा अनुभवी है। विराट के एकमात्र क्रिकेटर हैं, जो लगातार एक ही टीम से खेल रहे हैं।



# बिहार के राजगीर में तेजी से बन रहा अंतराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम



**पटना (एजेंसी)।** बिहार की राजधानी पटना में राजगीर अंतराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के निर्माण का काम तेजी से चला रहा है। इससे राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मैचों के आयोजन के साथ-साथ स्थानीय खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण और खेल सुविधाएं मिल सकेंगी। ये स्टेडियम अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप है। इसमें अत्याधुनिक हाई मास्ट लाइट, साउंड सिस्टम, वाटर सप्लाई, फायर अलार्म, फायर फाइटिंग सिस्टल भी लगाया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्टेडियम में लाल मिट्टी से बनाई जा रही 6 क्रिकेट पिचों का कार्य पूरा हो गया है। पिच पर घास लगाने का कार्य भी पूर्ण कर लिया गया है। काली मिट्टी से 7 क्रिकेट पिच बनाई गई है। पिच पर घास लगाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। इसके अलावा जनरल स्टैंड ईस्ट, जनरल स्टैंड वेस्ट तथा रिवर्स पवेलियन का सिविल वर्क भी तेजी से पूरा किया जा रहा है। सिविल वर्क के साथ ही फिनिशिंग वर्क भी किया जा रहा है। क्रिकेट स्टेडियम में मुख्य पवेलियन का कार्य पूरा हो गया है। इस काम देख रही कंपनी के अनुसार अगले दो महीने में क्रिकेट स्टेडियम को मैच के लिए तैयार कर लिया जाएगा। वहीं जिला प्रशसन की ओर से कहा गया है कि समय समय सीम में इस काम को पूरा करने के आदेश दिये गये हैं। साथ ही कहा कि उन्होंने कहा कि सभी मानकों को ध्यान में रखकर कार्य पूर्ण किये जाने की शर्त रखी गयी है। मैदान पर घास लगाने का कार्य शुरू हो गया है, जिसे जल्द पूर्ण करने के लिए कहा गया है। बारिश होने पर मैदान से पानी निकासी हेतु ड्रेनेज प्रणाली विकसित की गई है। मैदान के बाहरी एरिया को विकसित करने के लिए समुचित निदेश दिया गया। इस स्टेडियम का निर्माण 72843 वर्गमीटर भूखण्ड पर किया जा रहा है जिसमें 40,000 दर्शकों के बैठने की व्यवस्था होगी। स्टेडियम अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा, जिसमें खिलाड़ियों के लिए विशेष पवेलियन, कोच और मैनेजर के लिए बैठने की विशिष्ट व्यवस्था, वीवीआईपी अतिथियों के लिए विशेष स्टैंड शामिल होगा।

# भारतीयों की मालिकाना हक वाली विदेशी टी-20 टीमों में पाकिस्तानी खिलाड़ियों की भरमार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत सरकार ने 2008 के मुंबई आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के साथ क्रिकेट संबंधों पर रोक लगा रखी है। न सिर्फ द्विपक्षीय श्रृंखलाएं रुकी हैं, बल्कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में भी पाकिस्तानी खिलाड़ियों पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा हुआ है। इसके पीछे मुख्य कारण पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकी गतिविधियां हैं, जिनके चलते भारतीय जनभावनाएं भी इसी दिशा में दृढ़ रही हैं। हालांकि, इसी दौरान एक विरोधाभासी तस्वीर विदेशी टी-20 लीगों में देखने को मिल रही है, जहां भारतीय उद्यमियों और कंपनियों के स्वामित्व वाली टीमों में पाकिस्तानी या पाक मूल के खिलाड़ियों की बड़ी संख्या में भागीदारी देखी जा रही है।

संयुक्त अरब अमीरात, अमेरिका और वेस्टइंडीज में चल रही टी-20 लीग प्रतियोगिताओं में कई ऐसी टीमें हैं जिनके मालिक भारतीय हैं, लेकिन उनके खिलाड़ी पाकिस्तानी हैं। इनमें रिलायंस समूह, अदाणी समूह, कोलकाता नाइट राइडर्स के मालिक शाहरुख खान, और यहां तक कि माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्य नाडेला तक शामिल हैं। इन टीमों में कई खिलाड़ी ऐसे हैं जो कभी पाकिस्तान के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेल चुके हैं या फिर हाल ही में दूसरे देशों की नागरिकता लेकर वहां की लीगों में खेल रहे हैं।

उदाहरण के लिए, यूएई में इंटरनेशनल लीग टी-20 की टीम 'अबूधाबी नाइट राइडर्स' में अली खान और इबरार अहमद जैसे खिलाड़ी हैं, जबकि इसके मालिक हैं कोलकाता नाइट राइडर्स के भारतीय स्वामित्व वाले कारोबारी। 'एमआई एमिरेट्स', जो रिलायंस ग्रुप की टीम है, उसमें मोहम्मद वसीम, जहूर खान जैसे पाक मूल के खिलाड़ी खेल रहे हैं। अमेरिका की मेजर लीग क्रिकेट में 'सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स' टीम के पास हैरिस रऊफ और हसन खान जैसे सीधे पाकिस्तान से आने वाले खिलाड़ी हैं। इस टीम के मालिक वेंकी हरिनारायण और आनंद राजारमन जैसे भारतीय मूल के लोग हैं। सिएटल ऑरकॉस टीम में पाकिस्तान मूल के शायन जहांगीर हैं और यह टीम माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्य नाडेला के स्वामित्व में है। टेक्सॉस सुपर किंग्स, लॉस एंजेल्स नाइट राइडर्स, और वॉशिंगटन फ्रीडम जैसी टीमों में भी पाकिस्तानी खिलाड़ी सक्रिय रूप से शामिल हैं, जिनके मालिक भारतीय हैं। यह स्थिति ऐसे समय में सामने आ रही है जब भारत और पाकिस्तान के संबंध बेहद संवेदनशील हैं और राष्ट्रीय स्तर पर पाकिस्तानी क्रिकेट से दूरी बनाई गई है।

# लीग क्रिकेट के प्रति आकर्षित होकर समय से पहले संन्यास ले रहे खिलाड़ी

**-आने वाले समय में क्लब कल्चर हावी होगा**

**मम्बई (एजेंसी)।** जिस प्रकार ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल और दक्षिण अफ्रीका के हेनरिक क्लासेन ने टी20 लीग में खेलने अचानक ही अंतराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। उससे ये संकेत मिल रहे हैं कि भविष्य में क्रिकेट में भी क्लब कल्चर आयेगा। मैक्सवेल और क्लासेन से पहले भी कई अन्य खिलाड़यों ने भी ऐसा ही किया है। इसमें वेस्टइंडीज के सबसे अधिक खिलाड़ी हैं। इससे वेस्टइंडीज की टीम बेहद कमजोर हो गयी क्योंकि दिग्जज खिलाड़ी राष्ट्रीय टीम की जगह लीग क्रिकेट को प्राथमिकता देने लगे। खिलाड़ियों इस बदलाव के पीछे व्यक्तिगत प्राथमिकताएं, वित्तीय लाभ, और खेल की बढ़ती व्यावसायिकता शामिल हैं। पहले वेस्टइंडीज के खिलाड़ी ही देश के बजाए फ्रेंचाईजी क्रिकेट को अधिक वरीयरता दे रहे था पर अब इनमे कई और देशों के खिलाड़ी भी शामिल होने लगे हैं। न्यूजीलैड के अनुभवी बल्लेबाज केन विलियमसन सहित कई खिलाड़ियों ने केन्द्रीय अनुबंध देने से हंकार कर दिया है।

हाल के एक सर्वेक्षण के अनुसार विभिन्न देशों के 60 फीसदी सवे अधिक प्रमुख खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को छोड़कर केवल घरेलू फ्रेंचाइजी लीगों में खेलने पर विचार कर रहे हैं. इसका मुख्य कारण लीगों में बेहतर वित्तीय अवसर और कम समय की प्रतिबद्धताएं हैं। इसके



परिणामस्वरूप, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की प्राथमिकता में कमी और लीगों की बढ़ती लोकप्रियता देखी जा रही है। जिस उम्र में खिलाड़ी सन्यांस ले रहे है वो खेल में सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करने के लिए सबसे अच्छा माना जाता रहा है।

खिलाड़ियों का यह रुझान अब फ्रेंचाइजी क्रिकेट की तरफ ज्यादा बढ़ रहा है जो खेल की संरचना में बदलाव का संकेत देता है कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि यदि यह प्रवृत्ति जारी रहती है, तो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की प्रतिष्ठा प्रभावित होगी। न्यूजीलैंड के पूर्व बल्लेबाज रॉस टेलर ने इसपर चिन्ता जतायी है, और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर जोर दिया है पर किसी भी देश के पास अपने स्टार खिलाड़ियों को रोकने के लिए कोई योजना नहीं है। खिलाड़ियों को केवल सेंट्रल अनुबंध देकर नहीं रोका जा सकता. मैक्सवेल और क्लासेन दोनों ने के संन्यास के कारण अलग-अलग हैं, लेकिन दोनों ही खिलाड़ियों ने अपने करियर के इस मोड़ पर व्यक्तिगत और पेशेवर कारणों का हवाला दिया है। .

क्लासेन ने 33 वर्ष की आयु में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया। उन्होंने पारिवारिक समय और बेहतर कार्य-जीवन संतुलन को प्राथमिकता दी है हालांकि वह फ्रेंचाइजी लीगों में खेलते रहेंगे। इससे जो संकेत मिल रहे है कि उनको अगले कुछ सालों के लिए फ्रेंचाइजी क्रिकेट के तमाम अनुबंध हैं। मैक्सवेल ऑस्ट्रेलिया के इस ऑलराउंडर ने वनडे क्रिकेट से संन्यास लिया, ताकि वह 2026 टी20 विश्व कप पर ध्यान केंद्रित कर सकें और फ्रेंचाइजी लीगों में अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा कर सकें। एविन लुईस वेस्ट इंडीज के इस बल्लेबाज ने 2024 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया और फ्रेंचाइजी क्रिकेट में सक्रिय रहने का फैसला किया। उन्होंने विभिन्न लीगों में खेलते हुए अपनी पहचान बनाई है.

श्रीलंकाई तेज गेंदबाज लसिथ मलिंगा ने 2021 में फ्रेंचाइजी क्रिकेट से संन्यास लिया था पर वह आईपीएल खेल रहे हैं। वहीं दक्षिण अफ्रीका के स्टार बल्लेबाज एबी डिविलियर्स ने 2021 में रिटायरमेंट लिया वह भी लीग क्रिकेट में सक्रिया हैं। फ्रेंचाइजी क्रिकेट में सक्रिय रहे कम उम्र में जिस तरह से तमाम क्रिकेटर इंटरनेशनल क्रिकेट से रिटायर हो रहे है उससे एक संकेत तो साफ है कि फ्रंचाइज क्रिकेट का बाजार और उसकी चमक धमक खिलाड़ियों को बेहतर भविष्य के संकेत दे रही है और सभी देशों के क्रिकेट बोर्ड उन्हें रोक नहीं पा रहें हैं।

# क्रिकेटर कुलदीप यादव ने कानपुर की वंशिका से की सगाई, लखनऊ में हुआ समारोह

लखनऊ । भारतीय टीम के गेंदबाज कुलदीप यादव ने बुधवार को लखनऊ में सगाई कर ली है। कुलदीप ने कानपुर की ही रहने वाली वंशिका से सगाई की है। वंशिका



कानपुर के लाल बंगला इलाके की रहने वाली हैं। वह ऑस्ट्रेलिया में जॉब करती हैं और उनके पिता एलआईसी में अधिकारी हैं। कुलदीप और वंशिका की सगाई लखनऊ स्थित होटल में हुई, जिसमें क्रिकेटर रिंकू सिंह भी शामिल हुए। 14 दिसंबर 1994 को कुलदीप यादव का जन्म उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले में हुआ। वह नौ साल की उम्र तक यहीं रहे। इसके बाद पढ़ाई और प्रशिक्षण के लिए पिता परिवार सहित कानपुर शिफ्ट हो गए थे। कुलदीप पहले एक तेज गेंदबाज बनना चाहते थे। लेकिन कोच की सलाह पर स्पिन गेंदबाज बने।

# आईपीएल ट्रॉफी के साथ बेहद खुश नजर आये विराट और अनुष्का



अहमदाबाद। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरू (आरसीबी) के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में खिताबी जीत के बाद भावुक हो गये और दौड़कर अपनी पत्नी अनुष्का शर्मा के पास पहुंच गये। इस दौरान अनुष्का भी भावुक नजर आयीं क्योंकि टीम ने जो सपना देखा था वह अब साकार हुआ। विराट एक दशक से अधिक समय से इस जीत का इंतजार कर रहे थे। साल 2008 से ही वह आरसीबी से खेल रहे थे इस दौरान टीम तीन बार फाइनल में भी पहुंची थी पर उसे खिताब नहीं मिल पाया था। इस बार ट्रॉफी के साथ विराट और अनुष्का बेहद खुश दिखे।

# इंग्लैंड ने वनडे सीरीज में वेस्टइंडीज का किया सुपड़ा साफ

**द ओवल (इंग्लैंड) (एजेंसी)।** गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद जेमी स्मिथ (64), बेन डकेट (58), जो रूट (44) और जॉश बटलर (नाबाद 41) रनों की शानदार पारियों की बदौलत इंग्लैंड ने वर्षा बाधित तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में वेस्टइंडीज को डीएलएस पद्धति से 62 गेंदें शेष रहते 7 विकेट से विकेट से हरा कर तीन मैचों की श्रृंखला भी 3-0 से अपने नाम कर ली है।

केनिंगटन ओवल स्टेडियम में मंगलवार देर रात खेले गये मुकाबले में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज ने शरफेन रदरफोड (70), गुडाकेश मोती (63) की अर्धशतकीय पारियों और अल्जारी जोसेफ(41), केसी कार्टी (29), ब्रैंडन किंग (16) और जस्टिन ग्रीव्स (12) रनों के योगदान से 40 ओवरों में नौ विकेट पर 251 रनों का स्कोर खड़ा किया। मैच दो बार प्रभावित हुआ।

यातायात जाम की समस्या के कारण वेस्टइंडीज की टीम टॉस के लिए तय समय पर मैदान तक नहीं पहुंच सकी। इसके बाद बारिश के कारण 90 मिनट का खेल प्रभावित हुआ। इंग्लैंड की ओर से आदिल रशीद ने तीन विकेट लिए। साकिब महमूद, ब्राइडन कार्स और मैथ्यू पॉट्स को दो-दो विकेट मिले।

इंग्लैंड के लिए जेमी स्मिथ और बेन डकेट की सलामी जोड़ी ने तूफानी अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए पहले विकेट




के लिए 93 रन जोड़े। सातवें ओवर में गुडाकेश मोती ने जेमी स्मिथ 28 गेंदों में (64) रन को बोल्ड कर वेस्टइंडीज को पहली सफलता दिलाई। इंग्लैंड का दूसरा विकेट बेन डकेट 46 गेंदों में (58) रन के रूप में गिरा। उन्हें 16वें ओवर में रॉस्टन चेज ने लुईस के हाथों कैच आउट कराया। जो रूट (44) का शमारा जोसेफने शिकार किया।

इंग्लैंड ने 29.4 ओवर में तीन विकेट पर 246 रन बनाकर डीएलएस पद्धति से मैच 62 गेंदें शेष रहते सात विकेट से जीत लिया। कप्तान हैरी ब्रूक (26) और जॉस बटलर (41) रन बनाकर नाबाद रहे। इंग्लैंड ने डकवर्थ लुईस पद्धति से 40 में जीत के लिए 246 रन के लक्ष्य का लक्ष्य मिला जिसे उसने 62 गेंद बाकी रहते हासिल कर लिया। वेस्टइंडीज की ओर से अल्जारी जोसेफ, गुडाकेश मोती और रॉस्टन चेज ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# विराट की भूमिका निभाना चाहते थे शाहरुख



मुम्बई । हाल ही में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने वाले भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली विश्व के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में शामिल रहे हैं। विराट ने पहले ही टी20 से संन्यास ले लिया था और अब वह केवल एकदिवसीय खेलते हैं। विराट की फिटनेस ओर उसके खेल के प्रशंसक भारत ही नहीं दुनिया भर मे हैं। बॉलीवुड अभिनेता और आईपीएल में कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) टीम के मालिक शाहरुख खान भी विराट के एक बड़े प्रशंसक हैं। शाहरुख का एक पुराना बयान वायरल हो रहा है, जिसमें उन्होंने कहा था कि वह फिल्म में विराट की भूमिका निभाना चाहेंगे। शाहरुख एक ऐसे अभिनेता तो अपने को भूमिका में पूरी तरह से ढ़ाल लेते हैं। शाहरुख स्पोट्र्स ड्रामा भी कर चुके हैं। साल 2017 में 'जब हैरी मेट सेजल' के प्रोमोशनल इवेंट में जब उन्से पू छा गया था कि अगर उन्हें किसी क्रिकेटर का रोल निभाना हो तो वे किसे चुनेंगे। तब उन्होंने बिना किसी हिचकिचाहट के कहा था 'विराट कोहली।' तब शाहरुख ने मुस्कुराते हुए कहा, 'मैं कोहली की तरह जुनून से भरा खिलाड़ी बनना चाहूंगा। उनकी एनर्जी और दबाव में शानदार प्रदर्शन करने की क्षमता मुझे हैरान करती है।' यह सुनकर फिल्म की हीरोइन और तब विराट की गर्लफ्रेंड रहीं अनुष्का शर्मा ने मजेदार अंदाज में जवाब दिया। उन्होंने कहा, ' इसके लिए आपको दाढ़ी तो बढ़ानी पड़ेगी।' इस पर शाहरुख ने अपने अंदाज में जवाब दिया, मैंने 'हैरी मेट सेजल' में दाढ़ी रखी थी न! मैं तो बिल्कुल विराट जैसा लग रहा था।.'इस जवाब से वहां सभी लोग हंसने लगे थे।

# भारतीय क्रिकेट के नए 'कैप्टन कूल' के तौर पर उभरे श्रेयस अय्यर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कोलकाता नाइट राइडर्स के 10 साल के खिताबी सूखे को पिछले बरस खत्म करने वाले श्रेयस अय्यर पंजाब किंग्स को पहली बार इंडियन प्रीमियर लीग चैंपियन बनाने से बेहद मामूली अंतर से चूक गये लेकिन उन्होंने खुद को एक ऐसे कप्तान के रूप में स्थापित कर लिया है जिसकी भारत को शायद भविष्य में आवश्यकता हो सकती है।

महेंद्र सिंह धोनी और रोहित शर्मा के बाद अय्यर आईपीएल के तीन फाइनल में पहुंचाने वाले तीसरे कप्तान बन गए हैं। उनकी यह उपलब्धि बेहद ही खास है क्योंकि उन्होंने पिछले पांच सालों में तीन अलग-अलग फ्रेंचाइजी टीमों के साथ ऐसा किया है। यह एक ऐसे खिलाड़ी के लिए काफी बड़ी बात है, जिसे इस महीने इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम में जगह नहीं मिली है। केकेआर ने पिछले साल उन्हें जाने दिया क्योंकि फ्रेंचाइजी को बड़ी रिटेंशन फीस (टीम में बनाये रखने की रकम) की उनकी मांग उचित नहीं लगी।

केकेआर का यह नुकसान पंजाब किंग्स के लिए एक बड़ा फायदा साबित हुआ। पंजाब की टीम को 30 वर्षीय खिलाड़ी के रूप में एक समझदार और जज्बे वाला कप्तान मिला। ऐसा कप्तान जो करियर के उतार-चढ़ाव को शालीनता से संभालना जानता हो। शुभमन गिल की कप्तानी की परीक्षा अभी नहीं हुई है। उन्हें इंग्लैंड में कप्तान के रूप में कड़ी परीक्षा का सामना करना पड़ेगा। लेकिन तीन जून 2025 के बाद श्रेयस संतोष अय्यर को भारतीय क्रिकेट के सर्वश्रेष्ठ कप्तानों में से एक माना जाना चाहिए।

अय्यर की कप्तान में अपनी समझदारी के साथ करिश्माई महेंद्र सिंह धोनी जैसा संयम और विराट कोहली जैसा आक्रामक रवैया के साथ मुंबई के उनके सीनियर रोहित शर्मा की तरह एक 'बिंदास मुंबईकर' के मिश्रण का पुट दिखा। आईपीएल के फाइनल में मंगलवार को आरसीबी के खिलाफ छह रन की हार के बावजूद अय्यर के आत्मविश्वास में कोई कमी नहीं दिखी। उन्होंने निराशा को पीछे छोड़ते हुए कहा, 'अभी काम आधा बाकी है, हमें अगले साल जीतना है।'

इंग्लैंड के लिए टीम में उनका न होना पंजाब किंग्स के कोच रिकी पोंटिंग के लिए भी काफी हैरानी भरा रहा। पोंटिंग ने आईपीएल प्लेऑफ से पहले 'आईसीसी रिव्यू' में कहा था, 'मैं वास्तव में बहुत दुखी था लेकिन उसने इसे बहुत अच्छे से स्वीकार कर लिया है और वह आगे बढ़ गया है। उनकी आंखों में हर बार अच्छा प्रदर्शन करने की ललक रहती है। वह हर मैच को जीतना चाहता है और एक सर्वश्रेष्ठ कप्तान के रूप में विकसित होना चाहता है।%

दो बार के विश्व कप विजेता कप्तान का यह बयान काफी मायने रखता है। पोंटिंग ने यह बात सिर्फ अपने फ्रैंचाइजी कप्तान का समर्थन करने के लिए नहीं कही। इन दोनों के बीच काफी पुराना रिश्ता है। साल 2017 में जब गौतम गंभीर ने बीच सत्र में कप्तानी छोड़ने का फैसला किया, तो पोंटिंग की सलाह पर ही अय्यर दिल्ली आईपीएल फ्रैंचाइजी के कप्तान बने। दिल्ली की फ्रेंचाइजी 2020 में आईपीएल फाइनल में पहुंची जो इस टीम की इस लीग की अब तक की सबसे बड़ी उपलब्धि है। चोट के कारण ब्रेक लेने के बाद कैपिटल्स ने फैसला किया कि वे उन्हें टीम में बरकरार रख ऋषभ पंत को खोने का जोखिम नहीं उठा सकते हैं। पंत उस समय के उभरते सितारे थे और कप्तानी की महत्वाकांक्षा रखते थे।

अय्यर इसके बाद केकेआर के कप्तान बने और टीम 2024 में चैंपियन बनी। अय्यर को हालांकि इस खिताब का ज्यादा श्रेय नहीं मिला क्योंकि उन्होंने टीम की जरूरतों के हिसाब से निचले क्रम में बल्लेबाजी की। टीम के तत्कालीन मेंटोर और भारतीय टीम के मौजूदा कोच गंभीर को रणनीतिक सूझबूझ के लिए ज्यादा श्रेय मिला। कप्तान के सहज निर्णय और



समझदारी की गयी तैयारियों पर किसी का ज्यादा ध्यान नहीं गया। कोई खिलाड़ी हालांकि दो अलग-अलग फ्रेंचाइजी टीमों का नेतृत्व करते हुए अलग-अलग प्रबंधन, अलग-अलग विचारधारा और खिलाड़ियों की बदलती सूची के साथ लगातार दो सत्र में फाइनल तक पहुंचता है तो उसकी रणनीतिक प्रतिभा को लंबे समय तक अनदेखा नहीं किया जा सकता है।

अय्यर को आखिरकार इस सत्र में उसका हक मिल गया। इससे यह भी साफ हो गया कि मैच की परिस्थितियों की समझ और रणनीति पर उसकी पकड़ बेजोड़ थी। उन्हें पता था कि जिन पिचों पर उछाल की कमी है, वहां काइल जैमीसन की 'बैक ऑफ द लेंथ' गेंदें कारगर साबित होंगी और यह मास्टरस्ट्रोक साबित हुआ।

गुजरात टाइटन्स के खिलाफ उन्होंने विजयकुमार विशाख से बार-बार वाइड यॉर्कर डालने को कहा और यह कारगर साबित हुआ। क्वालीफायर दो में मुंबई इंडियंस के खिलाफ उन्होंने उनसे नकल बॉल से अपनी गेंदों की गति कम करने को कहा और यह कारगर भी रहा। उन्होंने दिखाया है कि रोहित शर्मा के वनडे से संन्यास लेने के बाद उन्हें टीम की कप्तानी के लिए मजबूत उम्मीदवार माना जा सकता है। वह 50 ओवर के प्रारूप में बेहतरीन बल्लेबाज हैं और जब टी20 या टेस्ट की बात आती है तो वह जल्द ही दोनों प्रारूपों की टीम में जगह बनाने का माद्दा रखते है।'

# खिताब जीतते ही बदला आरसीबी का नारा

अहमदाबाद । रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) कि मेहनत आंखिरकार रंग लायी और रजत पाटीदार की कप्तानी में उसने आईपीएल खिताब अपने नाम किया। फाइनल में आरसीबी ने पहले खेलते हुए 190 रन बनाए। इसके जवाब में पंजाब किंग्स की टीम 184 रन ही बना पाई। इस मैच में लक्ष्य का पीछा करते हुए पंजाब की पारी लड़खड़ा गयी और उसके हाथ से मैच फिसल गया। वहीं आरसीबी ने बल्लेबाजी के बाद गेंदबाजी में भी प्रभावी प्रदर्शन किया। जीत के साथ ही आरसीबी का नारा भी बदल गया। अब तक जहां कन्नड़ भाषा में ई साला कप नमदे (इस बार कप हमारा होगा) का नारा टीम के खिलाड़ी लगाते थे। वहीं ट्रॉफी जीतते ही टीम का नारा भी बदल गया। इसी लिए टीम के कप्तान रजत पटीदार ने जीत के बाद कहा, ई साला कप नमदु। वहीं टीम के साथ लंबे समय तक रहे एबी डिविलियर्स ने नया नारा ई साल कप नमदु पोस्ट किया है। कन्नड़ में ई साला कप नमदु का मतलब होता है।] इस साल कप हमारा हुआ। आरसीबी ने इस सत्र में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपना अलग ही अंदाज दिखाया। फाइनल में उसने एक रोमांचक मुकाबले में पंजाब किंग्स को 7 रनों से हराया। इससे पहले भी आरसीबी तीन बार खिताबी मुकाबले में पहुंची थी पर तीनो ही बार उसे हार का सामना करना पड़ा था। वहीं साल 2008 में आईपीएल शुरु होने के 17 साल के बाद वह विजेता बनी है।।



विशाल इंडिया
हिन्दी दैनिक



गौतमबुद्धनगर
गुरुवार 05 जून 2025
Www.vishalindia.in



## कौन बनेगा हेरा फेरी 3 का बाबूराव? परेश रावल करेंगे वापसी या पंकज त्रिपाठी निभाएंगे आइकॉनिक किरदार

फिल्म हेरा फेरी 3 इन दिनों लगातार चर्चा में बनी हुई है। परेश रावल के फिल्म छोड़ने के बाद कई तरह के विवाद सामने आए और मामला अब कानूनी कार्रवाई तक पहुंचने की स्थिति में है। इसी दौरान खबरें आ रही हैं कि परेश रावल एक बार फिर फिल्म में वापसी कर सकते हैं। साथ ही यह भी दावा किया जा रहा है कि पंकज त्रिपाठी उन्हें रिप्लेस कर सकते हैं। हालांकि, मेकर्स की ओर से अब तक इस पूरे मामले पर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि अक्षय कुमार और परेश रावल ने फिल्म को लेकर चल रहा विवाद सुलझा लिया है। अब जल्द ही एक्टर फिर से फिल्म का हिस्सा बन सकते हैं। इसके अलावा हाल ही में परेश रावल के जन्मदिन पर सुनील शेट्टी ने भी उन्हें बर्थडे विश किया था। वहीं, कई यूजर्स का यह भी मानना है कि IPL 2025 के फाइनल मैच के दिन 'हेरा फेरी 3' का अनाउंसमेंट टीजर जारी किया जाएगा। इसी वजह से कुछ लोग परेश रावल के फिल्म में लौटने की खबरों को केवल एक मार्केटिंग स्ट्रेटेजी भी मान रहे हैं।

### पंकज त्रिपाठी बनेंगे बाबूराव?

इसी बीच पंकज त्रिपाठी की एक तस्वीर सामने आई है, जिसमें उन्हें बाबूराव के सिग्नेचर हेयरस्टाइल और मोटे चश्मे में देखा जा सकता है। सफेद धोती और बनियान पहने हुए पंकज का लुक गोल्ड चेन और ब्रेसलेट के साथ पूरा होता है, जो इस किरदार की खास पहचान है। इसके बाद से ही कयास लगाए जाने लगे हैं कि क्या पंकज त्रिपाठी, परेश रावल की जगह बाबूराव का किरदार निभा सकते हैं। यूजर्स भी इस पोस्ट में जमकर कमेंट्स कर रहे हैं। कुछ फैंस का मानना है कि पंकज त्रिपाठी अपनी दमदार एक्टिंग और मजेदार अंदाज से इस किरदार को नया रूप दे सकते हैं।

### हेरा फेरी 3 विवाद पर अक्षय कुमार ने दिया था रिएक्शन

फिल्म हेरा फेरी 3 में काम करने से परेश रावल ने इनकार कर दिया है। हाल ही में 'हाउसफुल 5' के ट्रेलर लॉन्च इवेंट में अक्षय कुमार पहुंचे थे। इस दौरान जब उनसे परेश रावल के हेरा फेरी 3 छोड़ने को लेकर सवाल किया गया, तो एक्टर ने जवाब में कहा, 'पहले तो उनके बारे में कुछ भी गलत कहना बंद करिए। मैं पिछले 30-32 सालों से उनके साथ काम करता आ रहा हूं। हम बहुत अच्छे दोस्त हैं। वह एक शानदार एक्टर हैं और मैं उनकी बहुत इज्जत करता हूं। मुझे नहीं लगता कि यह वह जगह है जहां इस मुद्दे पर बात की जाए। यह एक गंभीर मामला है और जो कुछ भी होना है, वह कोर्ट में तय होगा। इसलिए मैं यहां इस पर कुछ भी कहने के पक्ष में नहीं हूं।



# एक्ट्रेस नहीं बनना चाहती थीं रश्मिका मंदाना, कामयाबी के बाद मन में आता है ये ख्याल

**साउथ की बेहतरीन एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना ने बॉलीवुड में रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल से शुरुआत की। इसके बाद उनकी कई फिल्में काफी हिट रही हैं। हालांकि वह साउथ में पहले ही अपनी अदाकारी से लोगों का दिल चुकी हैं। आज फिल्म इंडस्ट्री पर राज करने वाली अभिनेत्री रश्मिका ने हाल ही में बताया है कि उनका सपना अभिनेत्री बनने का नहीं था।**

रश्मिका ने बताया पूरी ईमानदारी से कहूं तो, मेरे बचपन में मैंने कभी भी अभिनेत्री बनने के बारे में नहीं सोचा होगा क्योंकि यह कभी मेरे प्लान का हिस्सा नहीं था। लेकिन मैं अपनी जिंदगी में पीछे मुड़कर देखती हूं तो मैं अपने आपको किस्मतवाली समझती हूं। मैंने वह कदम उठाया जिससे मेरी जिंदगी सकारात्मक तरीके से बदली।

### कुछ भी स्थाई नहीं सब बदल सकता है

रश्मिका ने लगातार सफलता के बाद दबाव को मैनेज करने के बारे में कहा जब सफलता और उम्मीदों के दबाव को संभालने की बात आती है, तो मैं पूरी तरह से जानती हूं कि जीवन में कुछ भी स्थायी नहीं है। मैंने पहले भी कहा है, एक दिन आपके पास सब कुछ हो सकता है, और अगले ही दिन यह बदल सकता है।

### मिला परिवार का साथ

रश्मिका ने आगे बताया कि उन्हें अपने परिवार से बहुत सपोर्ट मिला। इससे उन्हें चुनौतियों के सभी उतार-चढ़ावों को आसानी से पार करने में मदद मिली। उन्होंने कहा मैं अपने परिवार, करीबी दोस्तों और अपनी टीम का सपोर्ट पाकर अच्छा मससूर करती हूं। यह मुझे लगातार उन चीजों से जुड़े रहने में मदद करते हैं जो वास्तव में मायने रखती हैं। इसलिए जब मैं असल में कामयाबी के लम्हों का आनंद लेती हूं तो मैं इसे विनम्रता के साथ स्वीकार करती हूं।

### रश्मिका का वर्कफ्रंट

आपको बता दें कि रश्मिका मंदाना को आखिरी बार फिल्म छावा और सिकंदर में देखा गया था। फिलहाल उनके पास कई फिल्में हैं। वह जल्द ही थामा, कुबेर और पुष्पा 3 - द रैम्पेज में नजर आएंगी।

## ऑस्कर विजेता निर्देशक की हॉलीवुड फिल्म से डेब्यू करेंगी दिशा पाटनी



बॉलीवुड अभिनेत्री दिशा पाटनी अब हॉलीवुड में अपनी हॉट अदाओं का जलवा बिखेरनी को तैयार हैं। वो ऑस्कर विजेता निर्देशक की फिल्म से हॉलीवुड में अपने डेब्यू को तैयार हैं। दिशा पाटनी सुपरनेचुरल एक्शन-थ्रिलर फिल्म 'होलीगार्ड्स' से हॉलीवुड में अपना डेब्यू करने को तैयार हैं। इस फिल्म का निर्देशन ऑस्कर विजेता निर्देशक केविन स्पेसी कर रहे हैं। खास बात ये है कि केविन इस फिल्म के जरिए लगभग 20 सालों के बाद निर्देशन की दुनिया में वापसी कर रहे हैं। फिल्म की अधिकांश शूटिंग मैक्सिको में हुई है। फिल्म में डॉल्फ लुंडग्रेन, टायरस गिब्सन और ब्रायना हिल्डेब्रांड जैसे कई इंटरनेशनल स्टार्स नजर आएंगे।



## इस वजह से टला 'द ट्रेटर्स' में करण-जेनिफर का कमबैक

हाल ही में मीडिया में खबरें आईं थीं कि पॉपुलर एक्टर्स करण सिंह ग्रोवर और जेनिफर विंगेट करण जौहर के नए रियलिटी शो द ट्रेटर्स में एक साथ नजर आ सकते हैं। ये खबर उनके फैंस के लिए खास थी क्योंकि दोनों की जोड़ी बहुत पसंद की जाती है। हालांकि, शो से जुड़े एक करीबी सूत्र ने हमें बताया कि ऐसा होने वाला नहीं है। अब शो के ट्रेलर में दोनों के नजर न आने से इस बात की पुष्टि भी हो गई।

### वाइल्ड कार्ड एंट्री के लिए अप्रोच किया गया था

सूत्र कि मानें तो मेकर्स ने करण सिंह ग्रोवर और जेनिफर विंगेट दोनों को वाइल्ड कार्ड एंट्री के लिए अप्रोच किया था। उन्होंने बताया, शुरु में करण ने शो के लिए हामी भर दी थी, जेनिफर ने भी सहमति दी थी। लेकिन जेनिफर ने अपनी फीस बहुत ज्यादा मांगी, जो मेकर्स के बजट से बाहर थी। ऐसा उन्होंने जानबूझकर किया।

### जेनिफर की फीस बनी रुकावट

सूत्र ने आगे बताया, शो के कई हिस्सों की शूटिंग पहले ही पूरी हो चुकी थी। दोनों को बाद में जोड़ने की कोशिश हुई, लेकिन फीस को लेकर बात नहीं बनी, इसलिए उनकी एंट्री नहीं हो सकी।

### 'द ट्रेटर्स' किस तरह का शो है?

द ट्रेटर्स एक इंटरनेशनल रियलिटी शो का इंडियन वर्जन है। इस शो को करण जौहर होस्ट कर रहे हैं। इसमें 20 जाने-माने लोग एक साथ खेलेंगे। खेल में कुछ लोग बाकी लोगों को धोखा देंगे और गेम से बाहर करने की कोशिश करेंगे। शो में दिमाग से खेलने वाले टास्क, दोस्ती और धोखा देखने को मिलेगा।

### ये सेलिब्रिटीज लेंगे हिस्सा

शो का ट्रेलर आज जारी हो गया है। धोखे और चालबाजियों से भरपूर इस रियलिटी शो के पहले सीजन में 20 सेलिब्रिटीज हिस्सा ले रहे हैं। इनमें अंशुला कपूर, अपूर्वा, आशीष विद्यार्थी, एलनाज नौरोजी, हर्ष गुजराल, जन्नत जुबैर, जान्वी गौर, जैस्मिन भसीन, करण कुंद्रा, लक्ष्मी मांचू, महीप कपूर, मुकेश छाबड़ा, निकिता लूथर, पूरव झा, रफ्तार, राज कुंद्रा, साहिल सलाथिया, सुधांशु पांडे, सूफी मोतीवाला और उर्फी जावेद शामिल हैं।

## सोनाक्षी सिन्हा की फिल्म निकिता रॉय की नई रिलीज डेट घोषित

सोनाक्षी सिन्हा की बहुप्रतीक्षित थ्रिलर फिल्म निकिता रॉय की नई रिलीज डेट सामने आ गई है। इस खुशखबरी को खुद सोनाक्षी सिन्हा ने सोशल मीडिया पर शेयर किया है।

### क्या है निकिता रॉय की नई रिलीज डेट

सोनाक्षी सिन्हा ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट के जरिए फिल्म की नई रिलीज डेट का एलान किया है। सोनाक्षी ने फिल्म के पोस्टर के साथ कैप्शन में लिखा, अपने कैलेंडर पर निशान लगा लें! हमारी रोमांचक थ्रिलर निकिता रॉय की अब नई रिलीज डेट आ गई है! 27 जून 2025 को बड़े पर्दे पर रहस्य का पर्दाफाश होते देखें!



### फिल्म निकिता रॉय

अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा इस फिल्म में मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। यह एक मनोवैज्ञानिक थ्रिलर फिल्म है। सोनाक्षी के भाई कुश सिन्हा इस फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं। पहले यह फिल्म 30 मई, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी। लेकिन अब यह फिल्म 27 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में सोनाक्षी के अलावा परेश रावल, सुहैल नय्यर और अर्जुन कपूर नजर आएंगे। फिल्म का निर्माण निकी भगनानी, विकी भगनानी और अंकुर टकरानी कर रहे हैं।

## स्पिरिट' कंट्रोवर्सी में दीपिका के सपोर्ट में आए अजय देवगन



डायरेक्टर संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म स्पिरिट ने सोशल मीडिया और इंडस्ट्री में एक नई बहस छेड़ दी है। फिल्म में काम करने के लिए दीपिका पादुकोण ने आठ घंटे की शिफ्ट की मांग की थी, जिसके बाद उन्हें अनप्रोफेशनल बताते हुए फिल्म से निकाल दिया गया। अब इस मुद्दे पर अजय देवगन और काजोल ने बिना किसी का नाम लिए अपनी राय दी है। काजोल की फिल्म मां के ट्रेलर लॉन्च के दौरान जब अजय और काजोल से पूछा गया कि इंडस्ट्री में नई मांएं आठ घंटे की शिफ्ट की मांग कर रही हैं। क्या आपको लगता है कि ये डिमांड सही है? क्या फिल्ममेकर्स को ये पसंद आएगा? काजोल ने इस सवाल पर हंसते हुए कहा, मुझे यह बात पसंद आई कि आप कम काम कर सकते हैं। तभी अजय ने बीच में ही काजोल को रोका और माफी मांगते हुए कहा- ऐसा नहीं है कि यह लोगों को पसंद नहीं आ रहा है। अधिकांश ईमानदार फिल्ममेकर्स को इससे कोई समस्या नहीं होगी। इसके अलावा, मां होने के नाते आठ घंटे काम करना, ज्यादातर लोग आठ-नौ घंटे की शिफ्ट में काम करने लगे हैं। यह पर्सन टू पर्सन डिपेंड करता है और मुझे लगता है कि इंडस्ट्री में अधिकांश लोग इसे समझते हैं। ये सारा विवाद उस वक्त शुरू हुआ, जब ऐसी खबरें आईं कि फिल्म स्पिरिट में काम करने के लिए दीपिका ने कई मांगें रखी हैं। इनमें आठ घंटे की शिफ्ट, मोटी फीस, प्रॉफिट में हिस्सा और तेलुगु में डायलॉग न बोलने जैसी डिमांड शामिल थीं। बता दें कि दीपिका 2024 के सितंबर में मां बनीं हैं। प्रोफेशनल और पर्सनल लाइफ में बैलेंस बनाने के लिए वो हफ्ते में बस 5 दिन आठ घंटे की शिफ्ट चाहती थीं। एक्ट्रेस की इन सारी मांगों से डायरेक्टर संदीप खुश नहीं थे। दीपिका की मांगों को अनप्रोफेशनल बताते हुए फिल्म में उन्हें तृप्ति डिमरी से रिप्लेस कर दिया गया है।



# नेपोटिज्म पर बोलीं पलक जायसवाल, हेरा फेरी 3 विवाद पर दिया बड़ा बयान

**सीरीज 'क्रैकडाउन' में साकिब सलीम के साथ काम करने के बाद अभिनेत्री पलक जायसवाल हाल ही में रिलीज हुई सीरीज 'ब्लैक व्हाइट एंड ग्रे' में दमदार किरदार में नजर आईं। इस सीरीज के बाद से उन्हें काफी एप्रिशिएट किया जा रहा है। अभिनेत्री आज अपना जन्मदिन मना रही हैं। ऐसे में अमर उजाला डिजिटल ने उनसे खास बातचीत की जिसमें एक्ट्रेस ने अपने करियर समेत कई मुद्दों पर बात की।**

भोपाल की रहने वाली पलक मायानगरी में अपनी एक्टिंग के दम पर पहचान बनाना चाहती हैं। जब उनसे पूछा गया कि उनका एक्टिंग का सफर कैसे शुरू हुआ तो उन्होंने कहा, 'मैं बचपन से एक्टर नहीं बनना चाहती थी। छोटी उम्र में ही मैं मुंबई आ गई थी और मैंने स्कूलिंग यहीं से की। बचपन से डांस अच्छा करती थी तो मम्मी-पापा को यकीन था कि एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में अच्छा करूंगी। पापा ने पृथ्वीराज थिएटर में ज्वाइन करा दिया और वहीं से एक्टिंग में दिलचस्पी आ गई।'

### कैसे शुरू हुआ एक्टिंग का सफर?

पलक ने अपनी जर्नी पर बात करते हुए बताया, 'पृथ्वीराज थिएटर ज्वाइन करने के बाद मैंने कुछ प्ले किए। इसके बाद मुझे कुछ ऐड करने का भी मौका मिला। इसके बाद कोविड आ गया जिसके बाद कुछ सीरीज और गाने आए मेरे लेकिन 'ब्लैक व्हाइट एंड ग्रे' मेरे करियर का अब तक का सबसे बड़ा मौका है।'

### नेपोटिज्म पर पलक ने क्या कहा?

इंटरव्यू में पलक से जब नेपोटिज्म को लेकर पूछा गया कि क्या उन्हें लगता है कि एक आउटसाइडर होने के नाते वैसा कुछ फेस करना पड़ता है। इस पर एक्ट्रेस ने कहा, 'नेपोटिज्म हर चीज में है। ये स्टार किड्स की ब्लेसिंग है, उनकी फैमिली से उन्हें वो मिला है। लेकिन हमेशा हर किसी के लिए ये काम नहीं करता है। सभी लोग आलिया भट्ट के जैसे ही वो नाम नहीं कर पाते जो उनके पेरेंट्स कर पाए हैं। तो सभी का संघर्ष और टैलेंट ही आखिर में उन्हें आगे लेकर जाता है।'

### आलिया जैसे रोल करना चाहती हैं पलक

जब पलक से पूछा गया कि वो एक एक्टर के तौर पर किसे अपना आइडियल मानती हैं तो उन्होंने बताया कि हॉलीवुड एक्ट्रेस मेरिल स्ट्रीप उनकी फेवरेट एक्ट्रेस हैं। उन्होंने कहा, 'जब वो किसी भी किरदार में होती हैं तो उसमें ढल जाती हैं, इसलिए मैं बिल्कुल उनकी तरह ही बनना चाहती हूं। और मैं उम्मीद करती हूं कि आलिया भट्ट के दमदार किरदारों के जैसे ही मैं भी काम करूं।'

### परेश रावल ने की सीरीज की तारीफ

पलक की सीरीज 'ब्लैक व्हाइट एंड ग्रे' की तारीफ करते हुए हाल ही में दिग्गज एक्टर परेश रावल ने एक्स पर पोस्ट किया था कि ऐसे कॉन्टेंट को सिनेमा में बढ़ावा मिलना चाहिए। इस पर अभिनेत्री ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा, 'हम उनकी फिल्में देखकर बड़े हुए हैं, उनके बाबूराव के किरदार को देखकर लगता है कि काश मैं भी ऐसी ही एक्टिंग कर पाऊं। तो उनके रिएक्शन से एक हिम्मत मिली कि ऐसे ही बस अच्छा काम करती जाऊं।'

### तिग्मांशु धूलिया के साथ काम करने का अनुभव

इंटरव्यू में पलक ने अपने को-स्टार मयूर मोरे और दिग्गज एक्टर तिग्मांशु धूलिया के साथ काम करने का एक्सपीरियंस भी शेयर किया। उन्होंने बताया, 'मयूर के साथ काम करना मेरे लिए सौभाग्य की बात थी क्योंकि उसने इतना अच्छा काम किया हुआ है। तिग्मांशु सर की मैं बहुत इज्जत करती हूं। उनके साथ काम करने का अनुभव काफी अच्छा रहा। वो एक सीन में हमारे साथ शूट कर रहे थे। उनके आने से सेट पर सभी बहुत सीरियसली काम करते थे।'

### सेलेब्स की सुरक्षा पर बोलीं एक्ट्रेस?

इसके अलावा एक्ट्रेस से जब पूछा गया कि इन दिनों स्टार्स की सुरक्षा का मुद्दा काफी उठाया जा रहा है तो इस पर एक्ट्रेस ने कहा, 'ये बिल्कुल अच्छा समय नहीं चल रहा है, आज के टाइम पर हर किसी को सुरक्षा की जरूरत है। सेलेब्स का नाम है इसलिए उनके बारे में पता चल जाता है लेकिन सड़क पर चल रहीं महिला भी सुरक्षित नहीं है। तो कहीं ना कहीं हम सभी को ही सुरक्षा की जरूरत है।'

### वर्कफ्रंट पर एक्ट्रेस पलक जायसवाल

फिल्म 'क्रैकडाउन' से अभिनय करियर की शुरुआत करने वालीं एक्ट्रेस पलक जायसवाल हाल ही में क्राइम सीरीज 'ब्लैक व्हाइट एंड ग्रे' में नजर आई हैं। उनकी एक्टिंग की काफी तारीफ हो रही है। इसके अलावा उनकी झोली में कुछ और एक्साइटिंग प्रोजेक्ट्स भी हैं जिनके बारे में अभिनेत्री फिलहाल कुछ बता नहीं सकतीं। हालांकि हम उम्मीद करते हैं कि वो इसी तरह से अपने काम के जरिए कामयाबी की सीढ़ियां चढ़ती रहें।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादक: जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in